इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 | अंक -90 | राजनांदगांव, गुरूवार 15 फरवरी 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

**पैसे बीमारी ठीक होने के बाद देना**



उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना,नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, ईन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।

तुलसी आयुर्वेदिक

चौरसिया कॉम्प्लेक्स (मस्जिद के सामने) गुड़ाखू लाईन, शॉप नं.-4, राजनांदगांव

मो.नं.-7566609039

हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक

## 'हम वार्ता को तैयार तो आंसू गैस-रबड़ बुलेट क्यों...' : किसानों ने सरकार से पूछा

नई दिल्ली। न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए एक नई कानून सहित कई मांगों को लेकर किसान एक बार फिर आंदोलन कर रहे हैं. किसानों ने दिल्ली चलो मार्च का आयोजन किया है. किसानों के मार्च का बुधवार को दूसरा दिन है. सरकार की तरफ से कई दौर की बातचीत के बाद भी कोई सहमति नहीं बनी है. किसान आज फिर दिल्ली कूच की कोशिश कर रहे हैं. पुलिस की तरफ से किसानों को रोकने के लिए व्यापक तैयारी की गयी है. कई जगहों पर बुधवार को भी पुलिस की तरफ से आंसू गैस के गोले भी दागे गए.

दिल्ली पुलिस बॉर्डर पर मुस्तैदी से डटी है. प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था हाइ अलर्ट पर है. देखा जाए तो दिल्ली में हवा से लेकर जमीन तक पर पुलिस की मोर्चेबंदी है. सिंघु बार्डर पर पुलिस और पैरामिलिट्री के जवान डटे हुए हैं. किसानों को रोकने के लिए पुलिस ने कंडम बसों को खड़ा किया है.

हजारों किसान बुधवार सुबह एक बार फिर 'दिल्ली चलो% मार्च शुरू करने के लिए पंजाब-हरियाणा की दो सीमाओं पर डटे रहे. वहीं, अंबाला के पास शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे. पुलिस ने हरियाणा के जींद जिले में दाता सिंहवाला-खनौरी बॉर्डर पर भी आंसू गैस के गोले दागे. पुलिस ने किसानों के ट्रैक्टर को रोकने के लिए भारी संख्या में अवरोधक लगाए हैं.



### अर्जुन मुंडा, पीयूष गोयल, नित्यानंद राय के साथ किसानों की तीसरे दौर की वार्ता

किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि शाम पांच बजे केंद्रीय मंत्रियों अर्जुन मुंडा, पीयूष गोयल और नित्यानंद राय के साथ बैठक होगी। फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी सहित उनकी मांगों को लेकर किसान नेताओं और केंद्र के बीच यह तीसरे दौर की बैठक होगी। इससे पहले दोनों पक्षों के बीच दो बैठकें बेनतीजा रही हैं। संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा अपनी विभिन्न मांगों के लिए केंद्र पर दबाव बनाने के लिए 'दिल्ली चलो' आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं।

किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने बुधवार को कहा कि वे फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर केंद्र के साथ बातचीत के लिए तैयार हैं. डल्लेवाल ने मीडिया में आई खबरों का हवाला देते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने अपने बयान में कहा है कि केंद्र किसानों के साथ बातचीत के लिए तैयार है और किसानों के मुद्दों को हल करने के लिए भी तैयार है. किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा है कि हम तमाम परिस्थितियों के बावजूद केंद्र सरकार से बातचीत को तैयार हैं. कल शाम 5:00 बजे मीटिंग तय हुई है, कल भी हम शांतिपूर्ण तरीके से बैठेंगे.प्रधानमंत्री से अपील है हमारे ऊपर हमला ना हो.

कल होने वाली मीटिंग से पहले हमारी तरफ से कोई कार्यवाही नहीं होगी. किसान संगठनों के दिल्ली चलो मार्च को लेकर देश के बड़े किसान संगठनों में मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं. संयुक्त किसान मोर्चा के बाद अब देश के सबसे बड़े किसान संगठन आरएसएस से जुडी भारतीय किसान संघ ने भी इसका विरोध करते हुए कहा है वो किसी भी हिंसक आंदोलन का समर्थन नहीं करती है. केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी वाला कानून सभी हितधारकों से परामर्श किए बिना जल्दबाजी में नहीं लाया जा सकता है. इसके साथ ही उन्होंने प्रदर्शनकारी किसान समूहों से इस मुद्दे पर सरकार के साथ रचनात्मक चर्चा करने का आग्रह किया. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ में राजीव युवा मितान क्लब भंग, 126 करोड़ का होगा ऑडिट,

रायपुर। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस शासन में बने राजीव युवा मितान क्लब को भंग कर दिया गया है। खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि क्लब के लिए 132 करोड़ का प्रावधान किया गया था। इसमें से दिए गए 126 करोड़ का ऑडिट कराया जाएगा।



### वित्तमंत्री बोले- शराब दुकानों में होगी एजुकेटेड युवाओं की भर्ती

विधानसभा में बुधवार को भाजपा विधायकों ने क्लब भंग करने की मांग को लेकर नारेबाजी की। इसके बाद मंत्री ने क्लब भंग करने की घोषणा कर दी। प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायक सावित्री मंडावी ने क्लब को न भंग करने की मांग की थी।

### शराब बिक्री के 2856 करोड़ नहीं हुए जमा

शराब दुकानों के संचालन में गड़बड़ी को लेकर भाजपा विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि, प्रदेश में देसी-विदेशी शराब की करीब 700 दुकानें है। इन दुकानों से बिक्री के 2856 करोड़ रुपए कोषालय में नहीं जमा किए गए। ये घपलेबाजी 2019 से चल रही है।

विधायक धर्मजीत ने कहा कि, उन्होंने ये मुद्दा पहले भी सदन में उठाया था। तब जवाब मिला था कि 2800 करोड़ चिल्हर में खर्च किए गए। जबकि इतनी बड़ी रकम चिल्हर के लिए नहीं रखी जा सकता है। उन्होंने पूछा कि सरकार क्या नई प्लेसमेंट एजेंसियां नियुक्त करेंगे।

### नए युवाओं की होंगी भर्तियां

इसके जवाब में वित्त मंत्री ने कहा कि, अब ट्रांसपेरेंट तरीके से एजेंसियां कार्य करेंगी। उन्होंने बताया कि, इसी महीने उनके पेमेंट में एडजस्ट करेंगे, ताकि वसूली सुनिश्चित हो जाए। साथ ही अब नए युवाओं और एजुकेटेड (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ में मतांतरण रोकने बनेगा कानून, इसी सत्र में विधेयक लाएगी सरकार- बृजमोहन अग्रवाल

रायपुर। प्रदेश में मतांतरण रोकने सरकार सख्त कदम उठाने जा रही है। छत्तीसगढ़ विधानसभा में धर्मस्व व संस्कृति विभाग के अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान विभागीय मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में मतांतरण के कई मामले दर्ज किए गए। बस्तर सहित कई जिलों में जबरदस्ती लोगों को मतांतरण कराया गया। सरकार इस दिशा में कड़े कानून लाने जा रही है। इसी विधानसभा सत्र में धर्म स्वतंत्र विधेयक प्रस्तुत किया जाएगा।



### विधानसभा में धर्मस्व व संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने की घोषणा

इस विधेयक का उद्देश्य प्रदेश में मतांतरण के मामलों में कमी लाना व दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करना है। गौरतलब है कि प्रदेश में छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्रता (संशोधन) अधिनियम-2006 के प्रविधान हैं, लेकिन इसे सख्त बनाने की तैयारी चल रही है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक विधानसभा में प्रस्तुत होने वाले विधेयक में 10 साल तक की सजा का प्रविधान भी शामिल किया जा सकता है।

अयोध्या, तिरुपति और पुरी में बनेगा छत्तीसगढ़ धाम

अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि हम कल्चर कनेक्ट योजना ला रहे हैं।अयोध्या,तिरुपति और पूरी में छत्तीसगढ़ धाम बनाएंगे। पांच शक्ति पीठ की परियोजना ला रहे हैं। फिर से राजिम कुंभ कराया जाएगा। पांच साल में कितने साधु संत आए? कांग्रेस ने राजिम कुंभ की महिमा को खत्म कर दिया था।

मानसरोवर जाने वाले यात्रियों को एक लाख रुपये व सिंधु दर्शन के लिए 25 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। प्रदेश में प्रधानमंत्री लोककला महोत्सव का आयोजन होगा। पर्यटन स्थलों में गढ़ कलेवा की स्थापना की जाएगी। मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ी संस्कृति सिरपुर,रामगढ़,चंपारण की संस्कृति है। कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति को भौरा, गिल्ली डंडा तक, सोंटा तक सीमित रखा था।

## किसानों के प्रदर्शन पर पूर्व सीएम बघेल बोले- छत्तीसगढ़ में 3100 रु. की कीमत दी जा सकती है तो एमएसपी की गारंटी क्यों नहीं



रायपुर। विभिन्न मांगों को लेकर दिल्ली में हो रहे किसानों के प्रदर्शन पर छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल ने कहा, 'जब छत्तीसगढ़ में 3100 रुपए की कीमत दी जा सकती है तो देश के किसानों को एमएसपी की गारंटी क्यों नहीं मिलनी चाहिए? इसके लिए आंदोलन की जरूरत क्यों पड़ रही है? यदि किसान आंदोलन कर रहे हैं तो इसका पूरा समर्थन हम करेंगे। देश के किसानों को धान की कीमत 3100 मिलनी चाहिए। कल राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे ने घोषणा की है कि और भी बाकी सभी उत्पादों की हम एमएसपी पर खरीदी करेंगे।'

दिल्ली में प्रदर्शन के लिए अड़े किसान आंदोलनकारियों को केंद्र सरकार ने एक बार फिर से अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा है कि सरकार किसान हित के लिए प्रतिबद्ध है। किसी भी समस्या का समाधान बातचीत से ही निकल सकता है, इसलिए सरकार के द्वार किसानों के लिए अभी भी खुले हैं। किसानों की मांगें पूरी करने में आ रही व्यावहारिक समस्याओं को इंगित करते हुए उन्होंने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) कानून पर किसानों को रचनात्मक पक्ष रखना होगा, सिर्फ मांगों को बातचीत का आधार बनाने से रास्ता नहीं निकलेगा।

## दुश्मनों पर सटीक प्रहार करेगी रिमोट कंट्रोल गन, बढ़ेगी नौसेना की ताकत

नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल के लिए 463 स्वदेश निर्मित 12.77 मिमी स्थिर रिमोट कंट्रोल गन के निर्माण और आपूर्ति के लिए कानुपर की फर्म के साथ 1752 करोड़ रुपये का अनुबंध हस्ताक्षर किया है।



### रक्षा मंत्रालय और कानपुर फर्म के बीच हुआ करार

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह अनुबंध रक्षा में आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण को और बढ़ावा देगा। रक्षा मंत्रालय ने कहा, यह अनुबंध 125 से अधिक भारतीय विक्रेताओं और रक्षा पीएमयू के लिए पांच साल की अवधि के लिए रक्षा विनिर्माण में एक बड़ा रास्ता खोलेगा। रक्षा मंत्रालय ने स्वदेश निर्मित 12.7 मिमी रिमोट कंट्रोल गन के निर्माण और आपूर्ति के लिए एडवांस्ड वेपन इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड, कानपुर के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। कहा गया कि 85 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ काम किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ये बंदूकें दिन और रात दोनों समय सभी वातावरण में जहाजों के लिए खतरा पैदा करने वाले छोटे लक्ष्यों पर सटीकता से हमला करने की नौसेना और तटरक्षक बल की क्षमता को बढ़ाएंगी।

## कांग्रेस ने अजय माकन सहित छह लोगों को राज्यसभा का टिकट दिया

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन और वरिष्ठ नेता रेणुका चौधरी सहित छह लोगों को राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया है। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बुधवार को बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इन नेताओं की उम्मीदवारी को संस्तुति दी है। श्री वेणुगोपाल ने बताया की पार्टी ने सर्वश्री माकन, सैयद नासिर हुसैन तथा जीसी चंद्रशेखर को कर्नाटक से उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने मध्य प्रदेश से अशोक सिंह तथा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## चुनावी बांड: सुप्रीम कोर्ट आज सुनाएगा फैसला



नयी दिल्ली। देश में राजनीतिक दलों के चंदे लिए 2018 बनाई गई चुनावी बांड योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय गुरुवार को अपना फैसला सुनाएगा।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने तीन दिनों की सुनवाई के बाद 02 नवंबर 2023 को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

याचिकाएं एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स, सीपीआई (एम), कांग्रेस नेता जया ठाकुर और अन्य की ओर से दायर कई थीं।

याचिकाकर्ताओं ने दलील दी थी कि इस योजना ने किसी भी कंपनी को गुमनाम रूप से सत्ता में बैठी पार्टियों को रिश्वत देने की अनुमति देकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के साथ ही इसे वैध बना दिया।

उन्होंने पीठ के समक्ष कहा कि इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि लगभग सभी चुनावी बांड केंद्र और राज्यों में सत्तारूढ़ दलों के पास गए हैं और कहा कि खरीदे गए 94 फीसदी चुनावी बांड एक करोड़ रुपये के मूल्यवर्ग में और बाकी 10 लाख रुपये के हैं। चुनावी बांड योजना 02 जनवरी 2018 को अधिसूचित की गई थी। इस योजना माध्यम से भारत में कंपनियां और व्यक्ति भारतीय स्टेट बैंक की अधिसूचित शाखाओं से बांड खरीदकर गुमनाम रूप से राजनीतिक दलों को चंदा दे सकते हैं।

सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार का पक्ष रखते हुए अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि योजना सभी योगदानकर्ताओं के साथ समान व्यवहार करती है और इसकी गोपनीयता महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस बात पर बल दिया था कि काले धन से हटकर एक विनियमित योजना की ओर बढ़ने से जनहित में मदद मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा था कि इस योजना में केवाईसी का भी फायदा है। पार्टियों को सभी योगदान चुनावी बांड के माध्यम से लेखांकन लेनदेन के रूप में और सामान्य बैंकिंग चैनलों के भीतर होते हैं।

## 'रात के अंधेरे में हुई जनादेश की चोरी', इमरान की पार्टी का दावा; मौलाना फजलुर रहमान ने भी लगाए गंभीर आरोप



इस्लामाबाद। पाकिस्तान में सरकार बनाने के लिए पीएमएल-एन के प्रमुख शहबाज शरीफ के समर्थन में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (54) और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट (17) आ गए हैं, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी-पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने कहा है कि मतदान के बाद रात के अंधेरे में जनादेश की चोरी हुई और धांधली कर उसके प्रत्याशियों को हरा दिया गया।

उल्लेखनीय है कि चुनाव में सबसे बड़ी संख्या में पीटीआई समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी जीतकर आए हैं। इनमें से दो ने अब शहबाज की पार्टी-पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) की सदस्यता ले ली है। मंगलवार रात अप्रत्याशित घटनाक्रम में पीएमएल-एन ने प्रधानमंत्री पद के लिए 72 वर्षीय शहबाज शरीफ का नाम आगे किया था। उससे पहले तीन बार प्रधानमंत्री रहे नवाज शरीफ के नाम पर पार्टी और समर्थन देने वाले दलों में सहमति बन चुकी थी।

पीटीआई के राष्ट्रीय प्रवक्ता रऊफ हसन ने एक्स पर कहा कि जनादेश की चोरी से पाकिस्तान एक बार फिर सड़क पर आ गया है। पीएमएल-एन के नेतृत्व में बनने वाली संघीय सरकार के बारे में रऊफ ने कहा,

अपराधियों का झुंड एक बार फिर सरकार बनाने के लिए साथ आ गया है। ये वही लोग हैं जिन्होंने देश को बर्बाद किया है और लोग जिन्हें नकार चुके हैं, लेकिन सत्ता के लिए ये एक बार फिर मिल गए हैं।

सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगी पीटीआई

प्रवक्ता ने कहा कि पीटीआई पूरी ताकत से इन लोगों के राष्ट्रविरोधी कार्यों का विरोध करेगी। देश को मुश्किलों से निकालने में केवल इमरान खान ही सक्षम हैं। मंगलवार को रावलपिंडी की आदियाला जेल में इमरान खान ने कहा था कि उनकी पार्टी आठ फरवरी के चुनाव परिणाम को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। उन्होंने अपने जीवन में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 'मैं मां भारती का पुजारी, 140 करोड़ देशवासी मेरे आराध्य,' पीएम मोदी ने अबू धाबी में पहले मंदिर का किया उद्घाटन



अबू धाबी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को मंत्रोच्चार के बीच और स्वामीनारायण संप्रदाय के आध्यात्मिक नेताओं की उपस्थिति में अबू धाबी के पहले मंदिर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यूएई की भूमि ने इस मंदिर के उद्घाटन के साथ ही मानवता के इतिहास में सुनहरा अध्याय लिख दिया है। हल्के गुलाबी रंग की रेशमी धोती और कुर्ता, स्लीवलेस जैकेट और स्टोल पहने प्रधानमंत्री ने वैश्विक आरती में भी भाग लिया, जो बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) द्वारा दुनियाभर में निर्मित स्वामीनारायण संप्रदाय के 1,200 से अधिक मंदिरों में एक साथ की गई।

मैं मां भारती का पुजारी हूं: पीएम मोदी

मंदिर के उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का सदियों पुराना सपना पूरा हुआ है। रामलला अपने घर में विराजमान हैं। पूरा भारत और हर भारतीय आज भी उस प्यार में डूबा हुआ है। अब मेरा दोस्त ब्रह्मविहारि स्वामी कह रहे थे कि मोदी जी सबसे बड़े पुजारी हैं, मुझे नहीं पता कि मुझमें मंदिर के पुजारी की योग्यता है या नहीं, लेकिन मुझे गर्व है कि मैं मां भारती का पुजारी हूं।

भारत के 140 करोड़ देशवासी मेरे आराध्य: पीएम मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भगवान ने शरीर का एक-एक कण जो दिया है, वह सिर्फ और सिर्फ भारती के लिए है। 140 करोड़ देशवासी मेरे आदर्श हैं। मैंने अबू धाबी में यह मंदिर देखा है। मित्रों, हमारे वेदों में कहा गया है- एकम् सत्य, विप्रा बहुधा वदन्ति अर्थात एक ही सत्य को विद्वान लोग अलग-अलग प्रकार से बताते हैं। यह दृष्टि भारत की मूल चेतना का हिस्सा है। उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह मंदिर सांप्रदायिक सद्भाव और दुनिया की एकता का प्रतीक होगा। उन्होंने कहा कि मंदिर के निर्माण में यूएई सरकार की कितनी भी प्रशंसा की जाए, वह कम होगी। यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद जायद अल नाहयान ने कहा था कि मंदिर सिर्फ बनना ही नहीं चाहिए, बल्कि वैसा दिखना भी चाहिए। वहीं, इससे पहले मोदी ने विभिन्न धर्मों के लोगों से मुलाकात की, जिन्होंने यहां पहले मंदिर के निर्माण में योगदान दिया। साथ ही मंदिर में वर्चुअल गंगा और यमुना नदियों में जल भी चढ़ाया। मंदिर के अधिकारियों के अनुसार, भव्य मंदिर का निर्माण शिल्प और स्थापत्य शास्त्रों में वर्णित निर्माण की प्राचीन शैली के अनुसार किया गया है। यह पश्चिम एशिया का सबसे बड़ा मंदिर है।

## विधानसभा में वित्तमंत्री चौधरी ने कहा, साय सरकार में नहीं होने देंगे भ्रष्टाचार

### चिंगरी से लेकर बड़ी मछली और मगरमच्छ भी टेक्नोलाजी से पकड़ेंगे-वित्तमंत्री

रायपुर (दावा)। विधानसभा में प्रश्नकाल, शून्य काल और ध्यानाकर्षक के बाद बजट पर सामान्य चर्चा हुई। इसमें पक्ष ने बजट को सभी वर्गों के लिए हितकारी तो विपक्ष ने निराशाजनक बताया। सामान्य चर्चा के अंत में वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने पक्ष-विपक्ष को धन्यवाद देते हुए कहा कि बजट में प्रदेश की जीडीपी को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने भ्रष्टाचार को लेकर कहा कि चिंगरी से लेकर बड़ी मछली, मगरमच्छ को भी टेक्नोलॉजी से पकड़ेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार में कहीं भी भ्रष्टाचार नहीं होने देंगे। बजट से एक सपना देखने और लक्ष्य रखने की कोशिश की गई है। कांग्रेस की सोच रही है कि जितनी चादर है उतनी ही पैर पसारो। लेकिन, जब तक पैर को चादर से बाहर नहीं निकालेंगे, चादर बड़ी करने की सोच भी नहीं सकते।

वित्तमंत्री ने कहा, पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव देश में इकानॉमिक रिफार्म लाए थे। इसका क्रेडिट मनमोहन सिंह को दिया जाता था। उस रिफार्म के तीन बिंदु उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण थे। पीवी नरसिम्हा राव ने इन बिंदुओं का सूत्रपात किया था। ये राजनीतिक मजबूती नरसिम्हा राव में थी, जिस नरसिम्हा राव ने देश को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया, उनके पार्थिव शरीर को कांग्रेस भवन में लाने नहीं दिया गया। ये कांग्रेस की संकीर्ण मानसिकता को दिखाती है। जबकि, प्रधानमंत्री ने उन्हें भारत रत्न देने का काम किया है।



वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि बस्तर और सरगुजा के विकास को लेकर सरकार समर्पित हैं। आज़ादी के बाद से दशकों तक बस्तर को उपेक्षित रखा गया। बस्तर को बाक़ी सभ्यता से कैसे जोड़ा जाए, इसको लेकर कोई प्रयास नही हुआ। कल्चरल प्रोटेक्शन के नाम पर बस्तर का विकास रोककर रखा गया। बंगाल में जमीन का असामान्य कारण नक्सलवाद का मुद्दा बना, बिहार में जाति इसकी वजह रही लेकिन बस्तर में यह दोनों नहीं था। बस्तर में नक्सलवाद की रूट को समझना होगा, तब जाकर इस समस्या को खत्म किया जा सकेगा। सरगुजा में सिंचाई परियोजनाओं के लिए 6400 करोड़ तथा बस्तर के लिए 2208 करोड़ का प्रावधान किया गया है, सड़कों के लिए भी राशि का प्रावधान है।

### नए जिलों का विकास करने प्रतिबद्ध

वित्तमंत्री ने कहा की एक ओर हमारी सरकार गोंडी भाषा को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है, तो दूसरी तरफ नया रायपुर को आईटी सेक्टर बनाने के लिए भी हम प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने नए जिलों के बारे में कहा की उन्हें यह जानकारी मिली है की बहुत से नए जिलों में कार्यालय, कालेज और मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं। इन जिलों का विकास करने के लिए हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। विष्णुदेव साय की सरकार टैक्स जनरेशन में सफल होगी। तकनीकी का उपयोग करेंगे, जिससे बड़ा परिवर्तन आएगा।

### अच्छी योजनाएं रहेंगी संचालित

वित्तमंत्री चौधरी ने कहा कि कांग्रेस सरकार में बिजली बिल हाफ योजना चलती थी, जो जारी रहेगी। पिछली सरकार ने जो अच्छे काम किए हैं, उन योजनाओं को चलाते रहने में कोई परेशानी नही है। बस्तर में आदिवासियों के शोषण का सबसे बड़ा कारण नमक था। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# माता-पिता की पूजा से बढ़कर कोई पूजा नहीं- हेमा देशमुख

राजनांदगांव (दावा)। स्वामी विवेकानंद युवा जागृति मंच के तत्वावधान में बुधवार को मां शीतला मंदिर प्रांगण में मातृ-पितृ पूजन दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर हेमा देशमुख, समाजसेवी गौतम पारख, राजेश डागा, शीतला मंदिर के पुजारी राज महाराज उपस्थित रहे। अतिथियों ने कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर की। इसके बाद पूजन कार्यक्रम शुरू हुआ। सबसे पहले बच्चों ने अपने माता-पिता को आसन में बैठाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके बाद बच्चों ने माता-पिता की परिक्रमा लगाकर आशीर्वाद लिया। बच्चों का प्यार देख माता-पिता की आंखें नम हो गई। आंखों से आंसू छलकने लगे। माता-पिता ने बच्चों को दिल खोलकर आशीर्वाद दिया और जीवन में खूब तरक्की करने की शुभकामनाएं दी। मातृ-पित पूजन दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि जब हम इतिहास को देखते हैं तो भगवान गणेशजी को याद करते हैं। गणेश जी की महिमा यह सिखाती है कि माता-पिता की पूजा से बड़ी कोई पूजा नहीं। माता-पिता की सात परिक्रमा कर लेते हैं तो पृथ्वी को घूम लेते हैं। इसीलिए हम गणेश जी की पहली पूजा-अर्चना करते हैं। जीते जी हम माता-पिता की सेवा नहीं की और मरने के बाद 56 भोग खिलाए तो कोई मतलब का नहीं।



हर घर में माता-पिता की पूजन हो- गौतम पारख

### माता-पिता का आशीर्वाद जीवनभर काम आता है

महापौर देशमुख ने कहा कि हर व्यक्ति को तय कर लेना चाहिए कि जीते-जी माता-पिता की खूब सेवा करें। माता-पिता का आशीर्वाद ही जीवन में काम देता है। यहीं शिक्षा हमें अपने बच्चों को देनी चाहिए। आज जो दिखाउंगी वहीं मुझे सिखना और देखना भी पड़ेगा। इसके पहले पहले माता-पिता अपने कर्तव्यों को निभाना होगा। जिसके बाद निश्चिंत रुप से आपके पुत्र-पुत्री भी इस राह में चलेंगी। मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाकर हम पाश्चात्य संस्कृति को खत्म कर वैदिक संस्कृति से जुड़ रहे हैं ये बड़ी सौभाग्य की बात है। हर व्यक्ति को अपने संस्कार, धर्म नहीं छोड़ना चाहिए। भौतिक चीजें जरुरतें पूरी कर सकती है, लेकिन संस्कार अपने शिक्षा ही देती है।

### मातृ-पितृ पूजन को ऊपर तक ले जाने की जरुरत

समाजसेवी गौतम पारख ने कहा कि भारत माता में भी मां छुपा हुआ है। जितने में महापुरुष हुए सभी भारतमाता के कोख से जन्म लिए हैं। राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा में 22 जनवरी को घर-घर में दीपक जला वैसे ही मातृ-पितृ पूजन दिवस को राष्ट्र स्तर पर पहुंचाने की जरुरत है। ताकि एक समय पूरे भारत में निर्धारित हो और हर घर में माता-पिता की पूजन हो ताकि हमारी संस्कृति के प्रति, हमारे माता-पिता के प्रति, गुरुजनों के प्रति हमारी श्रद्धा हो। उन्होंने युवा पीढ़ी को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों को बताकर नशे से दूर रहने और सदैव माता-माता, गुरुजनों का आदर-सम्मान करने का आव्हान किया।

### युवा वर्ग में दिखा जमकर उत्साह

स्वामी विवेकानंद युवा जागृति मंच के जिलाध्यक्ष जीवन साहू ने कहा कि माता-पिता को भगवान का दर्जा दिया गया है। हर बच्चे को अपने माता-पिता का सम्मान, आदर और सेवा करनी चाहिए। श्री साहू ने मंच में उपस्थित अतिथि व माता पिता का अभिवादन करते हुए बताया कि हमारी समिति निरंतर 12 वर्षों से मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम करता आया है। आज का यह कार्यक्रम मां शीतला मंदिर प्रांगण में गुप्तनवरात्रि के पावन दिन में संपन्न होने जा रहा है। समस्त अतिथियों का स्वागत व आभार प्रकट करते हुए युवा मंच के युवा साथियो ने अपील किया है कि सभी अपने माता-पिता का आदर करें पूजन करें व प्रतिवर्ष 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाए।

इस आयोजन में स्वामी विवेकानंद युवा जागृति मंच के संरक्षक संजय शर्मा, रितेश यादव, जिला उपाध्यक्ष आदित्य पराते, मेहुल जाटव जिला सचिव भावेश दुबे, शहर अध्यक्ष एस के देवांगन, शहर सचिव शेखर साहू, अकाश सोनी, गौरव, अजय गिरपुंजे, अभिव्रत सिंह, घमेन्द्र साहू, एवन, अजय सर, अब्दुल मलिक, विनोद, उदित नारायण, आशुतोष, रेखलाल श्रीवास, गीता साहू, मीना सोनी आदि ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया। यह जानकारी जिला-अध्यक्ष जीवन साहू व मीडिया प्रभारी रोहित देवांगन ने दी ।

# जिला स्तरीय सतनामी युवक युवती परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक आदर्श विवाह 25 फरवरी को

**राजनांदगांव (दावा)। जिला सतनामी सेवा समिति 5041 के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु घासीदास सांस्कृतिक भवन, जी.ई.रोड, राजनांदगांव में 25 फरवरी (रविवार) को सुबह 10 बजे से सतनामी समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए जिला स्तरीय परिचय सम्मेलन व सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन किया जा रहा है जिसमें अपने भावी जीवनसाथी की तलाश में बड़ी संख्या पर प्रतिभागी अपने परिजनों के साथ जिला पहुंचते है।**

इस अवसर पर कार्यक्रम के अतिथि धनेश पाटिला (पूर्व मंत्री), रामजी भारती (प्रदेश महामंत्री, बीजेपी), श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल (विधायक) रहेंगे। आयोजक समिति के अध्यक्ष सूर्य कुमार खिलाड़ी ने बताया कि कार्यक्रम दिवस 25 फरवरी को प्रतिभागियों के पंजीयन हेतु कार्यक्रम स्थल पर सुबह से ही एक विशेष काउंटर खुली रहेगी जहां अपनी दो रंगीन पासपोर्ट फोटो के साथ नवयुगल प्रतिभागियों के अलावा समाज की विधवा, विधुर व वैध तलाकशुदा प्राप्त महिला/पुरुष भी अपना पंजीयन करवा सकेंगे। बिना पंजीयन किसी भी प्रतिभागी या उनके परिजनों को प्रवेश की अनुमति नहीं मिलेगी। कार्यक्रम स्थल में सभी के लिए भोजन की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। परिचय सम्मेलन के दौरान समिति की शिक्षाविद महिलाएं दोनों पक्षों की काउंसलिंग करवाकर ज्यादा से ज्यादा रिश्ता कायम करवाने अपनी भूमिका निभाएंगी। कार्यक्रम पश्चात सभी पंजीकृत प्रतिभागियों की फोटो सहित बायोडाटा 'बंधन' पत्रिका में प्रकाशित कर निःशुल्क आवंटित की जाएगी।

## पहला कॉलम...

### आज मां गायत्री ऑप्टिकल शॉप का शुभारंभ

राजनांदगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम हल्दी शिवनाथ वार्ड नंबर 51 में नए परिवेश में सुसज्जित मां गायत्री ऑप्टिकल शॉप का शुभारंभ आज बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर किया गया। दुकान के संचालक यश साहू ने बताया कि इस क्षेत्र में चश्मा दुकान की आवश्यकता को देखते हुए आधुनिक सामानों से सुसज्जित यह दुकान संचालित रहेगा। ग्राहकों के सुविधा के लिए यहां पर कंप्यूटरीकृत मशीन द्वारा जांच कर पावर एवं धूप के चश्मा सस्ते दामों पर उपलब्ध रहेगी।

### अग्निवीर वायुसेना भर्ती परीक्षा हेतु रोजगार कार्यालय से प्राप्त कर सकते जानकारी

राजनांदगांव (दावा)। अग्निवीर वायु सेना भर्ती के लिए आवेदन करने वाले जिले के युवा परीक्षा की तैयारी से संबंधित सभी जानकारी समय-समय पर प्राप्त कर सकते हैं। जानकारी प्राप्त करने हेतु युवा शीघ्र ही जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव एवं दूरभाष क्रमांक 07744-299523 से पर संपर्क कर सकते हैं।

### युवक ने लगाई फांसी जांच में जुटी पुलिस

राजनांदगांव (दावा)। तुमड़ीबोड में एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी उसके भाई संगीत वर्मा ने तुमड़ीबोड़ पुलिस को दी बताया गया कि उसका भाई संजू वर्मा पिता स्व. अमृत वर्मा (26 वर्ष) ने अपने शयनकक्ष में गमछा व नायलोन की रस्सी से फांसी लगा ली। घर के सदस्य मंगलवार की सुबह उठे तो उन्हें जानकारी हुई। पुलिस ने घटना के संबंध में मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कमला देवी श्रीश्रीमाल का निधन



बालोद (दावा)। नगर के प्रतिष्ठित यशवंत जैन जी की माताजी श्रीमती कमला देवी श्रीश्रीमाल का आज रायपुर के एक निजी अस्पताल में 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे स्वर्गीय श्री चतुर्भुज जी श्रीश्रीमाल की धर्मपत्नी एवं स्वर्गीय श्री पन्नालाल जैन, ललित जैन, यशवंत जैन की माता जी एवं नितिन-सौरभ-हर्ष-रजत श्रीश्रीमाल की दादी थीं। पारसमल, प्रकाश चंद, देवराज, दौलत राज दिनेश श्रीश्रीमाल की चाची थीं। अंतिम संस्कार कल सुबह तांदुला मुक्तिधाम में किया जाएगा।


dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में

रोजाना 4 खेलों में

समय : 12, 3, 6 व 9 बजे

बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।

मनोज राजपूत फिल्मस प्रस्तुत

गांव के जीरो शहर मा हीरो

(छत्तीसगढ़ी भाषा में)

कलाकार - मनोज राजपूत, इशिका यादव, किशानी घोष, धर्मेन्द्र चौबे, संजय महानंद आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com



SILVER SCREEN Multiplex

09th Feb to 15th Feb 2024




Teri Baaton Main Aisa Uljha Jiya - 12:30,03:15,03:30,06:30,09:15 & 09:30 pm

Eagle (Hindi)- 06:15 pm

Gaon Ke Zero Sahar Ma Hero (Chhattisgarhi)- 12:15 pm

Fighter - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G.) 8085600200


# कलेक्टर ने संवेदनशीलतापूर्वक जनदर्शन में लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट शक्तिकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के दूरस्थ स्थानों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी मांगों एवं समस्याओं को संवेदनशीलतापूर्वक सुना। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनदर्शन में जनसामान्य से प्राप्त मांगों एवं समस्याओं के आवेदन पत्रों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अधिकारियों को जनदर्शन में शासन की योजनाओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी समस्या के निराकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। आज जनदर्शन में 18 आवेदन प्राप्त हुए। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री अग्रवाल के निर्देशानुसार लोगों की सुविधा के लिए अनुविभाग स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय, तहसील कार्यालयों, जनपद पंचायत कार्यालय, नगरीय निकायों के कार्यालयों में जनदर्शन आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री अग्रवाल के निर्देशन में जिला अधिकारियों द्वारा जनसामान्य की समस्याओं को सुनने के साथ ही त्वरित निराकरण की दिशा में सार्थक कार्य किया जा रहा है।

**जनसामान्य की समस्याओं को सुनने के साथ ही त्वरित निराकरण की दिशा में किया जा रहा सार्थक कार्य**

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनदर्शन कार्यक्रम में आज डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम बादराटोला एवं चोरहाबंजारी से आए किसानों की शिकायत को आत्मीयता से सुना। ग्राम बादराटोला एवं चोरहाबंजारी के किसानों ने भूमि अधिग्रहण की मुआवजा राशि दिलाने के लिए आवेदन किया। कलेक्टर ने इस आवेदन पर नियमानुसार कार्यवाही करने के लिए एसडीएम डोंगरगांव को निर्देशित किया। राजनांदगांव निवासी श्रीमती सुशीला वैष्णव ने दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना से लाभ दिलाने के लिए आवेदन किया। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम जंगलेशर निवासी श्री शत्रुघन लाल ने भूमि बटांकन करने, ग्राम संबलपुर निवासी भुवनलाल साहू ने पैरावट में आग लगाने वालों के विरूद्ध उचित कार्रवाई करने, डोंगरगांव निवासी सुनील कुमार निर्मलकर ने असंगठित कर्मकार एवं दिव्यांग सहायता योजना से लाभ दिलाने, ग्राम बांसपाहड़ के किसान जितेन्द्र कुमार ने अवैध रूप से कब्जा हटाने, तहसील कुमरदा के ग्राम केशाल निवासी रामसुख के निजी भूमि में अवैध रूप में मकान निर्माण को रोकने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर की निगरानी एवं देखरेख में प्राथमिकता से जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा रहा है। इससे जनसामान्य को अपनी समस्या से निजात मिलने में सार्थक साबित हो रही है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर एवं अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विरेन्द्र सिंह, एसडीएम राजनांदगांव अरूण वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## कार्यालय कलेक्टर, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**सार्वजनिक सूचना**

क्रमांक /2175 /भू-अर्जन/भूक्रनी/2023 — राजनांदगाव, दिनांक 27/03/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति, 2016 के तहत मोहड़ जलाशय परियोजना के अंतर्गत डूबान में प्रभावित ग्राम मासूलकसा, प.ह.नं. 52, रा.नि.म. व तहसील छुरिया, जिला राजनांदगांव के निम्नलिखित भू-धारक की भूमि की आवश्यकता होने के कारण कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, बालोद के पक्ष में कय किए जाने पर विचार किया जा रहा है:-

| क्रं. | भू-धारक का नाम | खसरा नंबर | कुल रकबा (हे.में.) | क्रय हेतु प्रस्तावित रकबा (हे.में.) | भूमि की किस्म |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | रामजी, महेन्द्र, विनोबा, गोचित्रा, पुर्णिमा, सरिता सभी पिता बुधवारसिंग, टेमीनबाई बेवा बुधवारसिंग, जाति तेली | 366 | 0.089 | 0.089 | असिंचित भूमि |
| योग | | 1 | 0.089 | 0.089 | |

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के विषय में किसी को कोई आपत्ति हो, तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन तिथि से 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर स्वतः अथवा अधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से आधार सहित मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

जी- 07799/1 — कलेक्टर, जिला-राजनांदगांव

## शुभांक

अनुमानित

बी. के

2-3-4

578-0 150-6

राजधानी

5-7-0

120-3 880-6

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव

### ईश्तहार

क्रं./ प्रवा.-3/अ.वि.अ./2024
राजनांदगांव, दिनांक 31/01 2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती जानकी बाई देवांगन पति समय लाल देवांगन, निवासी- मोतीपुर, आजाद चौक, राजनांदगांव, तहसील व जिला-राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) द्वारा ग्राम धरमापुर, प.ह.नं. 30, खसरा नंबर 135/6 रकबा 0.0400 हेक्टेयर, कृषि भिन्न औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनर्कर निर्धारण का आवेदन छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता की धारा - 59 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 31/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
राजनांदगांव

## //आम सूचना//

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार के द्वारा शेख ईरफान पिता अब्दुल शरीफ, निवासी- शांति नगर, जिला राजनांदगाँव, तहसील व जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.) के स्वामित्व एवं हक की कृषि भूमि ग्राम धर्मापुर जिला राजनांदगांव (छ.ग.)में स्थित है जिसका खसरा नम्बर- 112/3 व 112/4 कुल 50 डिसमील को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दिया है और पंजीयन विक्रय पत्र का निष्पादन किया जाना शेष है। उक्त संव्यवहार में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था, बैंक, निकाय आदि को कोई आपत्ति हो तो वे उक्त प्रकाशन के पन्द्रह दिवस के भीतर मय दस्तावेजों के अपनी आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है । उक्त 7 दिन की अवधि के पश्चात की गयी कोई भी आपत्ति अमान्य होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी, अवधि अवसान पश्चात मेरा पक्षकार पंजीयन विक्रय पत्र का निष्पादन करवाने हेतु स्वतंत्र होगा।

अतएव सूचना जाने ।

आशीष शर्मा
"एडव्होकेट" निवास एवं कार्यालय
ब्राम्हण पारा, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)
मोबाईल नम्बर- 98271-17811

## न्यायालय अपर कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)

### धारा 6 (2)देखिए

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक रूपेश कुमार आ. जगत राम जाति- महार उम्र 27 वर्ष निवासी -रानी अवंतीबाई चौक वार्ड नंबर 01 नवागांव (बजरंगपुर) थाना-चिखली तहसील व जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) एवं आवेदिका संगीता आ. गोकुल यादव जाति-राउत उम्र 26 वर्ष निवासी-ग्राम घोटिया रामतराई थाना-गैंदाटोला तहसील-छुरिया, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) (पक्षकारों के नाम) से विशेष विवाह अधिनियम 1954 (क्रमांक-4 सन 1954) के अध्याय दो के अधीन अपने विवाह के आवेदन पत्र पेश किया गया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के ईच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में पेशी तारिख 23/02/2024 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है।

अपर कलेक्टर
एवं जिला विवाह अधिकारी
राजनांदगांव(छ.ग.)

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत 21 फरवरी तक विशेष ग्राम स्तरीय अभियान

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत 21 फरवरी तक किसानों को 16वीं किश्त का लाभ देने के लिए विशेष ग्राम स्तरीय अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान योजनांतर्गत लंबित किसानों के पंजीयन तथा ई-केवाईसी, लैण्ड सिडिंग एवं आधार सिडिंग पूर्ण कराया जाएगा। योजनांतर्गत तीन समान किश्तों में 2000 रूपए कुल 6000 रूपए प्रति वर्ष कृषकों के बैंक खाते में अंतरित की जाती है।

उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डे ने बताया कि जिले के पीएम किसान पोर्टल में 1 लाख 20 हजार 637 कृषक हैं, जिनमें से 1 लाख 19 हजार 368 कृषक पात्र किये जा चुके हैं एवं वर्तमान में 1261 कृषक लंबित है। राजनांदगांव विकासखंड में 242, छुरिया विकासखंड में 151, डोंगरगांव विकासखंड में 282 एवं डोंगरगढ़ विकासखंड में 179 कृषक तथा शेष जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई एवं मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी से 407 कृषक लंबित है। जिन कृषकों का प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत पूर्व में पंजीयन नहीं हुआ है एवं कृषि कार्य कर रहे हैं, ऐसे किसान अपने ग्राम के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से सम्पर्क कर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में अपना पंजीयन करा सकते हैं।

कृषकों के लंबित ई-केवायसी तथा आधार सीडिंग हेतु लोक सेवा केन्द्र एवं इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक (पोस्ट ऑफिस) के संबंधित प्रतिनिधि की उपस्थिति सुनिश्चित कर अधिक से अधिक कृषकों को लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से ई-केवायसी करना चाहिए। पोस्ट ऑफिस से लंबित आधार सीडिंग हेतु किसानों का नवीन बैंक खाता खोलते हुए आधार बेस्ड पेमेंट सिस्टम को सक्रिय किया जाना चाहिए। ग्राम स्तरीय नोडल अधिकारी के माध्यम से पात्र हितग्राहियों की पहचान कर उनके ई-केवायसी, लैण्ड सीडिंग एवं आधार सीडिंग का सत्यापन एवं पोर्टल में इन्द्राज करवाने पर कृषकों को योजना से शीघ्र लाभान्वित किया जा सकेगा। पंजीयन हेतु आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, बैंक खाता के पासबुक की फोटोकापी संबंधित ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को उपलब्ध कराते हुए सम्पर्क कर सकते हैं। साथ ही पंजीयन के समय आधार से लिंक मोबाईल नंबर लेकर अवश्य जाए।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए किसानों से संबंधित ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से सम्पर्क कर अपना पंजीयन कराने की अपील की गई है। शासन द्वारा कृषकों को शत-प्रतिशत लाभान्वित करने हेतु विशेष अभियान 10 दिवस तक संचालित है। योजना का लाभ लेने हेतु कृषकगण संबंधित विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय से भी सम्पर्क कर सकते हैं।

## कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति राजनांदगांव (छ.ग.)

क्रमांक/मंडी/निर्माण/ हॉ.बा.कर्ब्ड/2023-24/984 — राजनांदगांव, दिनांक 13.02.2024

### 'मैन्यूअल निविदा आमंत्रण सूचना'

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति राजनांदगांव जिला राजनांदगांव में निम्न दर्शित कार्य/स्थल एवं कार्य के सम्मुख दर्शित कार्य की लागत अनुसार कार्य कराये जाने की छ.ग. शासन की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत 'डी' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मोहर बंद निविदायें केवल पंजीकृत डाक से तीन लिफाफे पद्धति से 04.03.2024 को सांयकाल 5:00 बजे तक लो.नि.वि. भवन / सड़क एवं विद्युत कार्य हेतु दिनांक 01-01-2015 एवं 1-7-2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. एवं इस निविदा जारी दिनांक तक संशोधित दर अनुसूचि के आधार पर निविदा प्रपत्र-अ (प्रतिशत दर) में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें इस कार्यालय में उपस्थित ठेकेदारों / प्रतिनिधियों के समक्ष दिनाक 06.03.2024 को दोपहर 3.00 बजे खोली जावेगी। कार्य विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | कार्य का नाम | अनु. लागत (लाख रू) | ब्याने की राशि रू (एफडीआर में) | कार्य अवधि वर्षा ऋतु सहित | निविदा प्रपत्र मूल्य डिमांड ड्राफ्ट के रूप में | एस.ओ.आर. का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | ग्राम भानपुरी में हॉटबाजार कव्हर्ड शेड 2 नग | 10.00 | 7500.00 | 4 माह | 1000.00 | लो.नि.वि. भवन /सड़क कार्य हेतु दिनांक 01.01 2015 से प्रभावशील एवं विद्युत कार्य हेतु 01.07.2015 से प्रभावशील एस. ओ.आर. पर जो कि कार्य के प्रकार के अनुरूप है। |
| 2 | ग्राम उसरीबोर्ड में हॉटबाजार कव्हर्ड शेड 2 नग | 10.00 | 7500.00 | 4 माह | 1000.00 | |
| 3 | ग्राम सुन्दरा में हॉटबाजार कव्हर्ड शेड 4 नग | 19.92 | 15000.00 | 4 माह | 1000.00 | |
| 4 | ग्राम टेडेसरा में हॉटबाजार कव्हर्ड शेड 4 नग | 19.92 | 15000.00 | 4 माह | 1000.00 | |
| 5 | ग्राम सिंघोला में हॉटबाजार कव्हर्ड शेड 4 नग | 19.92 | 15000.00 | 4 माह | 1000.00 | |
| 6 | ग्राम तोरणकट्टा में हॉटबाजार कव्हर्ड शेड 2 नग | 10.00 | 7500.00 | 4 माह | 1000.00 | |
| 7 | ग्राम कोटराभांठा में हॉटबाजार कव्हर्ड शेड 2 नग | 10.00 | 7500.00 | 4 माह | 1000.00 | |
| 8 | ग्राम मरेगाव में हॉटबाजार कव्हर्ड शेड 2 नग | 10.00 | 7500.00 | 4 माह | 1000.00 | |
| 9 | ग्राम कुम्हालोरी में हॉटबाजार कव्हर्ड शेड 2 नग | 10.00 | 7500.00 | 4 माह | 1000.00 | |
| 10 | ग्राम पारीखुर्द में हॉटबाजार कव्हर्ड शेड 4 नग | 19.92 | 15000.00 | 4 माह | 1000.00 | |
| 11 | ग्राम भोडिया में हॉटबाजार कव्हर्ड शेड 2 नग | 10.00 | 7500.00 | 4 माह | 1000.00 | |
| 12 | ग्राम मुड़पार में हॉटबाजार कव्हर्ड शेड 4 नग | 19.92 | 15000.00 | 4 माह | 1000.00 | |
| 13 | ग्राम डीलापहरी में हॉटबाजार कव्हर्ड शेड 2 नग | 10.00 | 7500.00 | 4 माह | 1000.00 | |
| 14 | ग्राम लिटिया में हॉटबाजार कव्हर्ड शेड 2 नग | 10.00 | 7500.00 | 4 माह | 1000.00 | |
| 15 | ग्राम घिरी में हॉटबाजार कव्हर्ड शेड 4 नग | 19.92 | 15000.00 | 4 माह | 1000.00 | |
| 16 | ग्राम खुटेरी में हॉटबाजार कव्हर्ड शेड 2 नग | 10.00 | 7500.00 | 4 माह | 1000.00 | |
| 17 | ग्राम भेडीकला में हॉटबाजार कव्हर्ड शेड 4 नग | 19.92 | 15000.00 | 4 माह | 1000.00 | |

शर्तें :-

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिये वैध पंजीयन / जी.एस.टी. पंजीयन, पेनकार्ड, बैंक साल्वेंसी (अनुमानित लागत का 15 प्रतिशत मूल्य का) की मूल प्रति अवलोकनार्थ एवं प्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा तथा निविदा प्रपत्र दिनांक 28.02.2024 तक कार्यालयीन समय में निर्धारित शुल्क डिमांड ड्राफ्ट के रूप में सचिव कृषि उपज मंडी समिति राजनांदगांव को देय जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र हेतु नगद शुल्क स्वीकार नहीं किये जायेगा एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य वापसी योग्य नहीं होगा।
2. निर्धारित बयाने की राशि डिमांड ड्राफ्ट एवं एफडीआर के रूप में जो कि सचिव कृषि उपज मंडी समिति राजनांदगांव के नाम देय होगा, ही स्वीकार किये जा सकेंगे।
3. अन्य शर्तें एवं कार्य से संबंधित जानकारी कार्यालय में दिनांक 28.02.2024 तक देखे/प्राप्त किये जा सकते है, जो कि इस निविदा अनुबंध का अनिवार्य भाग है।

(इंदिरा नवीन सिंह)
भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति, राजनांदगांव

संवाद-39652/1

(सुरेश चौरे)
सचिव
कृषि उपज मंडी समिति, राजनांदगांव

## कार्यालय नगर पंचायत डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

क्रमांक-2258/रा.नामा/न.प./2023-2024 — **नामान्तरण प्रकाशन सूचना** — डोंगरगांव, दिनांक.....

छ.ग. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत नीचे अंकित भूमि/भवन को नगर पंचायत के सम्पत्तिकर पंजी में नाम दर्ज करने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। नाम दर्ज किये जाने, के संबंध में कोई भी दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना चाहे तो सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर लिखित में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हे। नियम तिथि उपरांत दावा/आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगीं।

| क्र. | आवेदन तिथि | संपत्ति धारक/विक्रेता का नाम एवं पता | खसरा नंबर | संपत्ति/भूमि का प्रकार | क्रेता जिसके नाम पर सम्पत्ति नामांतरण दर्ज किया गया है | नामांतरण हेतु आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 07/02/2024 | श्रीमती तारा, श्रीमती रंजीता, रोहिता, स्मिता, पिता-हरिदास सेवताटोला डोंगरगांव | खसरा नं.365/2/6 | रकबा 0.020 हे. भूमि | श्रीमती प्रियंका जैन पति अविनेश कुमार जैन, श्री सेवताटोला, अरूण गांधी पिता-श्री सत्यनारायण गांधी वार्ड क्रं.-08 सेवताटोला, डोंगरगांव | पंजीबद्ध बिक्रीनामा |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पंचायत डोंगरगांव

# कल्याणिका देवस्थानम प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव की नगर में निकली भव्य शोभायात्राः दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु

राजनांदगांव (दावा)। शहर में बसंत पंचमी के दिन श्री कल्याणिका देवस्थानम प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। शोभायात्रा में आकर्षक रथ में सवार अमरकंटक के योगी बाबा कल्याण दास शोभायमान हो रहे थे। उनके आगे शहर के गणमान्य नागरिक जन झांझ-मंजीरे की गूंज के बीच-जय-जय महाकाल व कल्याणिका देवस्यानम की जय-जयकार करते हुए चल रहे थे। शहर के रामाधीन मार्ग स्थित माहेश्वरी भवन से निकली उक्त भव्य शोभायात्रा की अगुवानी महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने भगवान माहेश्वर की पूजा-अर्चना के साथ की। इस दौरान उन्होंने अमरकंटक के सिद्ध संत बाबा कल्याणदास जी से आशीर्वाद लिया व शहर की सुख-शांति व खुशहाली की दुआएं मांगी।

शोभायात्रा से पूर्व माहेश्वरी भवन में बाबा कल्याण दास जी का प्रवचन आयोजित था जिसमें श्री माहेश्वरी पंचायत, माहेश्वरी युवा मंडल व माहेश्वरी महिला मंडल के सहित शहर के गणमान्यजनों की उपस्थित रही। भक्तजनों ने बाबा कल्याण दास के मुखारविन्द से निसृत अमृतवाणी का देर तक रसपान किया और भगवान महेश की अमृतकथा सागर में गोते लगाते रहे।



शोभायात्रा की धूम

माहेश्वरी भवन से अपरान्ह 4 बजे धूमधाम के साथ निकली भव्य शोभायात्रा में राउत नाचा आकर्षण का केन्द्र बना रहा वही झांझ-मंजीरे की झंकार करती ग्राम सिंघोला की नव-कन्याएं झुमती गाती नजर आई। इस दौरान बैंडपार्टी के सुमधुर धार्मिक गीतों के बीच बड़ी संख्या में चल रहे। माहेश्वरी समाज के लोग झूमते-नाचते नजर आए वही महिलाएं भी शिव भक्ति की धुन में अपने-आप को झूमने थिरकने से रोक नहीं सकी। इस दौरान पूरा वातावरण धर्ममय बना रहा। बाजे-गाजे के साथ निकली उक्त भव्य शोभायात्रा में बाबा कल्याणदास जी के शिष्यों सहित समाजसेवी लक्ष्मी निवास सारडा श्रीमती सारडा, श्रीमती सरस्वती माहेश्वरी, महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, समाजसेवी पवन डागा, राजेश डागा, संजय नरेन्द्र लोहिया, हेमंत तिवारी, राजेश सारडा, दामू भूतड़ा, मनीष खंडेलवाल, भुवन भास्कर गुप्ता, सोनी जी, रामचन्द राठी, बाबाजी आदि सहित बड़ी संख्या में धर्मप्रिय श्रद्धालुजनों की उपस्थिति रही। शोभायात्रा का नगर भ्रमण के दौरान बाबा कल्याणदास जी की जगह-जगह पूजा अर्चना एवं स्वागत अभिनंदन किया गया। लोगों ने घोड़े जुते रथ में सवार योगी पुरूष बाबा कल्याणदास जी के दर्शन व आशीर्वाद ग्रहण कर धन्य-धन्य हुए।

### आज प्राण-प्रतिष्ठा समारोह

बता दे कि बसंतपुर, गोकूल नगर के आगे डोंगरगांव रोड पर लगभग 2 एकड़ क्षेत्र में कल्याणिका देवस्थानम का भव्य मंदिर तैयार किया जा रहा है। यहां भगवान लक्ष्मी नारायण बिराजेगे। मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है साथ ही शिवलिंग की भी प्राण प्रतिष्ठा होगी। प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य आयोजन आज 15 फरवरी को बाबा कल्याणदास जी के संदर्शन में होगा जिसमें आचार्य पीठ, धर्म ध्वजा, अखंड धूनी तथा श्री यंत्र सहित देव प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। उक्त प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पूर्व बसंत पंचमी के दिन शहर में शोभायात्रा निकाली गई जिसका धूमधाम के साथ नगर भ्रमण हुआ।

# एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल्स में बसंत पंचमी पर विद्यारंभ संस्कार के साथ किया शाला प्रवेश



राजनांदगांव (दावा)। एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल्स के अंतर्गत आने वाले नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल बल्देवबाग, ब्रांच जयस्तंभ चौक, नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी, नीरज फाउण्डेशन स्कूल न्यू खंडेलवाल कॉलोनी, नीरज विद्या मंदिर मोहड़, डोंगरगांव, नीरज माईल स्टोन स्कूल खैरागढ़ में बसंत पंचमी उत्सव विद्यारंभ संस्कार के साथ धूमधाम से मनाया गया।

यह कार्यक्रम प्रातः 9 बजे से 12:30 बजे तक गायत्री परिवार से विशेष रूप से आमंत्रित बहनों के द्वारा पूरे विधि-विधान से संपन्न कराया गया। इस अवसर पर विशेष पूजा अर्चना के साथ प्रथम पूज्य श्रीगणेश जी, माँ सरस्वती एवं गायत्री माता की आराधना करते हुए वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच बच्चों को तिलक लगाकर स्कूली सामग्री स्वरूप पेंसिल, रबर, कॉपी देकर ओम एवं स्वास्तिक चिन्ह बनवाकर विद्यारंभ कराया गया। बच्चों को ईश्वर के असीम आशिर्वाद के साथ, माता-पिता एवं गुरूजनों के द्वारा सिर पर हाथ रखकर विशेष आशिर्वाद प्रदान किया गया एवं उनके दिर्घायु, यशस्वी व ज्ञानवान होने की कामना की गई। इस विद्यारंभ संस्कार में नीरज पैरेंट्स प्राईड स्कूल, बल्देवबाग में 41, ब्रांच जयस्तंभ चौक में 47, नीरज फाउंडेशन स्कूल में 47, नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में 5, नीरज विद्या मंदिर डोंगरगांव में 9 एवं नीरज माईल स्टोन स्कूल खैरागढ़ में 2 छात्रों ने विद्यारंभ संस्कार के साथ प्रवेश लिया। बच्चों को इन संस्कारों के साथ बहुत छोटी-छोटी एवं आवश्यक बातें जैसे माता-पिता एवं गुरूजनों सहित बड़ों का सम्मान करना व उनका कहना मानना, फिजुल चीजों की जिद नहीं करना एवं पैसों की बचत करना इत्यादि बातें बहुत सहजरूप मे समझाई गई। साथ ही पालकों को भी उन्हें इसी उम्र में अच्छे संस्कार देने, उन पर फिजुल खर्ची एवं जरूरत से ज्यादा सुविधाएं न देने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर बच्चों एवं उनके पालकों के हथेलियों के निशान ड्राइंग शीट पर लेकर स्मृति स्वरूप प्रदान किए गए।

इस अवसर पर शाला के संचालक नीरज बाजपेयी ने गायत्री परिवार से पधारे आगंतुको को धन्यवाद ज्ञापित किया साथ ही नवप्रवेशित बच्चों के उज्वल भविष्य हेतु कामना करते हुए मुक्तकंठ से साधुवाद दिया तथा बच्चों में बचत की भावना सिखाने के लिए उनके जन्मदिन पर एक गुल्लक स्कूल की ओर से उपहार स्वरूप प्रदान करने की बात सभी स्कूलों के प्राचार्यों से की ताकि बच्चों में पैसों की बचत करने की आदत छोटी उम्र से पड़ सके।

# जिला पंचायत सीईओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना और स्वच्छ भारत मिशन के तहत चल रहे कार्यों का किया आकस्मिक

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने डोंगरगढ़ विकासखण्ड ग्राम मुरमुंदा और मेढ़ा में स्वच्छ भारत मिशन और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चल रहे कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत दुर्गेश विश्वकर्मा के निर्मित आवास का निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री आवास की 3 किस्तों का भुगतान कर दिया गया है। सीईओ जिला पंचायत ने निर्माणाधीन आवास में प्लास्टर पूर्ण कराये जाने के लिए सीईओ जनपद पंचायत एवं विकासखण्ड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण को निर्देशित किया। उन्होंने ग्राम मुरमुंदा में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत निर्मित रोहित निषाद के आवास का निरीक्षण किया। उन्होंने आवास में प्लास्टर का कार्य एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। ग्राम मेढ़ा के रामलाल गोंड़ एवं नंदकुमार को प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रथम किस्त की राशि भुगतान कर दिया गया है किन्तु निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने पर इस कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश ग्राम पंचायत सरपंच और सचिव को दिए।



**प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने ग्राम मुरमुंदा में अब्दुल हमीद द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए गए घर को देखा और इसकी सराहना की। ग्राम मुरमुंदा में स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के तहत स्कूल में बनाए सामुदायिक शौचालय के निर्माण कार्य को देखा। उन्होंने इस कार्य को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश ग्राम पंचायत सचिव एवं सरपंच को दिए। सीईओ जिला पंचायत ने महतारी वंदन योजना के तहत ग्राम मुरमुंदा एवं मेढ़ा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा भरे गये फार्म का अवलोकन किया गया। जिसमें फार्म भरने हेतु बिहान योजना की महिलाओं का सहयोग लेने एवं डोर-टू-डोर कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। जिससे कि समय-सीमा के भीतर ऑनलाईन फार्म भरे जाने का कार्य पूर्ण हो सके। विधायक मद से स्वीकृत सामुदायिक भवन का निर्माण नींव स्तर पर छोड़कर पिछले 1 वर्ष से अधूरा पाया गया। जिसे समय-सीमा में पूर्ण नहीं करने पर नियमानुसार वसूली की कार्यवाही कराने का निर्देश सीईओ जनपद पंचायत को दिया गया। ग्राम मुरमुंदा एवं मेढ़ा में गंदगी के संबंध में विकासखण्ड समन्वयक-स्वच्छ भारत मिशन को नोटिस जारी किया गया और ग्राम पंचायत सरपंच एवं सचिव को भी साफ-सफाई हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के सहायक परियोजना अधिकारी, जिला समन्वयक-प्रधानमंत्री आवास योजना, जिला समन्वयक-स्वच्छ भारत मिशन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगढ़ एवं प्रधानमंत्री आवास योजना व स्वच्छ भारत मिशन के विकासखण्ड समन्वयक उपस्थित रहे।

## सुंदरा स्कूल में मना मातृ-पितृ पूजन दिवस एवं वसंत पंचमी



राजनांदगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम सुंदरा में वसंत उत्सव मनाया गया। प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला के तत्वाधान में बसंत पंचमी के उत्सव का आयोजन किया गया था जिसमें विद्यालय के शिक्षक छात्र एवं बड़ी संख्या ग्रामीणजन मौजूद रहे। साथ ही बच्चों ने अपने माता-पिता की पूजा कर मातृ-पितृ दिवस भी मनाया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच श्रीमती पद्मिनी साहू ने बच्चों को सम्बोधित किया, कार्यक्रम का संचालन कवि पवन यादव 'पहुना' ने किया और युवा हस्ताक्षर रूपल कुमार साहू ने कविता पाठ कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# मेरिट लिस्ट में 7वॉ स्थान प्राप्त करने पर महापौर ने दी ऐश्वर्या साहू को बधाई

राजनांदगांव (दावा)। हाल ही में हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी से जारी मेरिट लिस्ट में एम.ए. अंग्रेजी में 7वॉ स्थान प्राप्त कर शहर एवं जिला का गौरव बढ़ाने पर राजनांदगांव की बेटी कुमारी ऐश्वर्या पूरन साहू को महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने उनके निवास स्थान शंकरपुर में जाकर बधाई दी।



ज्ञात है कि कु. ऐश्वर्या शहर के पूर्व यशस्वी पत्रकार स्व. पूरन साहू की पुत्री है, जिन्होंने अपने समय में पत्रकारिता जगत में अपनी पहचान बनाये थे, उनकी माता श्रीमती अंजू साहू है। उल्लेखनीय है कि इनके पिता का कोरोना काल में असमय स्वर्गवास हो गया था, इस विषम परिस्थिति में भी कुमारी ऐश्वर्या ने हिम्मत नहीं हारी और मन लगाकर पढ़ाई कर इस मुकाम को हासिल की। उसने विषम परिस्थिति होने पर भी यूनिवर्सिटी में 7वॉ स्थान प्राप्त कर संस्कारधानी का गौरव बढ़ाया है।

नगर की महापौर श्रीमती देशमुख ने कु. ऐश्वर्या साहू को बधाईयां देते हुए कहा कि इसी तरह अपने शहर और अपने माता-पिता एवं अपने क्षेत्र एवं देश का नाम रोशन करती रहो। उन्होंने बताया कि उन्हें बहुत खुशी होती है जब बेटियां आगे बढ़ती हैं। आज शहर की बेटियां राष्ट्रीय स्तर पर अपने शहर को गौरवान्वित कर रही हैं।

# महतारी वंदन योजना अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पात्र महिलाएं आवेदन भरने से वंचित न हो - कलेक्टर



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जल जीवन मिशन शासन की महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने योजनांतर्गत किए जा रहे कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी जनपद पंचायत को होनी चाहिए। इसके अंतर्गत किए जा रहे कार्यों में ग्राम पंचायतों को शामिल करें, उन्होंने कहा कि गर्मी में पानी की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। साथ ही शहरी क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पात्र महिलाएं आवेदन भरने से वंचित न हो। इसके लिए बीएलओ की सेवाएं लेते हुए उनमें जागरूकता लायी जा सकती है। शासन द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए यह योजना प्रारंभ की गई है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विशेष तौर पर ध्यान देते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ऐसी महिलाएं जिन्हें शासन की योजनाओं के अंतर्गत पेंशन प्राप्त हो रहा है, उन्हें आवेदन भरवाना सुनिश्चित करें। निर्धारित समय पर सभी आवेदनों की एण्ट्री हो जानी चाहिए। इसके बाद दावा आपत्ति की तैयारी करें तथा फार्म का सत्यापन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं के तहत भौतिक लक्ष्य एवं वित्तीय लक्ष्य की जानकारी योजनावार सभी विभाग भेजे। विभाग की उपलब्धियों के अलावा आगे की कार्ययोजना बनाने के लिए कहा। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत ऐसे हितग्राही जिन्हें राशि का भुगतान किया गया है, लेकिन जिन्होंने आवास का निर्माण प्रारंभ नहीं किया है, उनका कार्य निरस्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने उक्त दिशा-निर्देश कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में दिए।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत किए जाने वाले कार्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी संरचना के रूप में होना चाहिए। किसानों के खेत में पानी व्यवस्था के लिए नहर मरम्मत, नहरों को सुदृढ़ीकरण एवं अन्य कार्य सिंचाई विभाग के माध्यम से सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने ऐसे कार्यों के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों के हित के लिए हरसंभव कार्य करने की जरूरत है। कलेक्टर ने जेल में अधोसंरचना का विस्तार करने के लिए प्रस्ताव के संबंध में चर्चा की तथा लोक निर्माण विभाग को कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बंदियों के लिए बैरक बनाने तथा बाऊंड्रीवाल बनाने का कार्य शीघ्र की प्रारंभ कर दें। कलेक्टर ने कहा कि जिले के प्राथमिक शालाओं में स्मार्ट टीवी के माध्यम से शिक्षा दी जा रही है। डिजिटल शिक्षा अंतर्गत संपर्क डिवाईस के माध्यम से बच्चों को शिक्षा देने की इस पद्धति के बेहतरीन परिणाम मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस अच्छे कार्य के लिए सभी विभागीय अधिकारी अपना योगदान दें तथा संपर्क डिवाईस क्रय करने के लिए सहयोग करें। उन्होंने कौशल विकास अंतर्गत समीक्षा करते हुए कहा कि क्रेडा तथा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लिए युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान करें। इसके साथ ही आरोहण बीपीओ सेंटर टेड़ेसरा के बच्चों को अंग्रेजी भाषा के लिए प्रशिक्षण देने के लिए कहा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा की और कहा कि हाईरिस्क वाली गर्भवती माताओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। एएनसी पंजीयन बढ़ाने के लिए डोर टू डोर जाकर अभियान चलाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड जिले में सभी व्यक्तियों का बनाना है।

# सत्यम शर्मा के 104 रन की बदौलत प्रेस क्लब की धमाकेदार जीत

राजनांदगांव (दावा)। अपने हरफनमौला खेल के जरिए पहचान बना चुके प्रेस क्लब के ऑलराउण्डर सत्यम शर्मा ने 42 गेंद में 10 छक्के व 9 चौकों की मदद से 104 रन बना कर 8वीं वाहिनी बटालियन द्वारा आयोजित शहीद कप सॉफ्टबॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रेस क्लब को आयुर्वेदिक कालेज मनकी के विरूद्ध 9 विकेट से जीत दिलाकर मैन ऑफ द मैच का पुरूस्कार अपने नाम किया।



**शहीद कप क्रिकेट प्रतियोगिता मैन ऑफ द मैच रहे सत्यम शर्मा**

8वीं वहिनी बटालियन मैदान में खेली जा रही शहीद कप सॉफ्टबॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के दुसरे दिन के एक मैच में प्रेस क्लब राजनांदगांव ने आयुर्वेदिक कालेज मनकी को आसान मैच में 9 विकेट से हरा कर अपना विजय अभियान प्रारंभ किया। आयुर्वेदिक कॉलेज मनकी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और उसके प्रारंभिक बल्लेबाजों ने अच्छी बल्लेबाजी की, शिवम ने 14 गेंद में 25 रन यशंवत ने 32 गेंद में 49 रन प्रवीण ने 20 गेंद में 29 रन का योगदान देते हुए निर्धारित 15 ओवर में 4 विकेट खो कर 152 रन बनाये थे। प्रेस क्लब की ओर से नकुल ने 2, सत्यम शर्मा, विपिन ठाकुर 1-1 विकेट लिया आयुर्वेदिक कालेज मनकी के 153 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रेस क्लब की टीम ने अपने ऑलराउण्डर खिलाड़ी सत्यम शर्मा व प्रमोद शेण्डे की जोड़ी को मैदान में उतारा मगर उसे शुरूवाती झटका जल्द ही लग गया प्रमोद शेण्डे 1 रन पर आउट हो गए। इसके बाद सत्यम शर्मा का साथ देने गोविंद साहू आये और दोनों ने मिलकर ताबड़तोड बल्लेबाजी करते हुए जीत के लिए आवश्यक 153 रन महज 10 ओवर में ही बनाकर प्रेस क्लब को धमाकेदार जीत दिलाई।

प्रेस क्लब की ओर से उसके ओपनर बल्लेबाज सत्यम शर्मा ने 42 गेंद में 10 छक्के व 9 चौंकों की मदद से तेज शतक लगाते हुए 104 रन बनाए वहीं गोविंद साहू ने 2 छक्के व 1 चौंके की मदद से 20 गेंद में 23 रन बना कर प्रेस क्लब को 9 विकेट से जीत दिला दी। प्रेस क्लब राजनांदगांव के सत्यम शर्मा को मैन ऑफ द मैच का पुरूस्कार प्रदान किया गया। प्रेस क्लब की ओर से संदीप साहू, प्रमोद शेण्डे, नकुल, गोंविंद साहू, कमलेश सिमनकर, सूरज यदु, सुनिल हुकरे, ललित ठाकुर, विपिन ठाकुर, रघु शर्मा, सत्यम शर्मा, लोकेश रजक, अभिषेक, टीम में सम्मिलित किए गए थे। प्रेस क्लब की जीत पर प्रेस क्लब के पदाधिकारी व सदस्यों ने विजयी टीम को बधाई व शुभकामनाएं दी।

# मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद व महापौर

राजनांदगांव (दावा)। श्री योग वेदांत सेवा समिति राजनांदगांव के तत्वाधान में प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथि रूप में पहुंचे लोकसभा सांसद संतोष पांडेय व नगर की महापौर हेमा देशमुख ने पूजन कार्यक्रम को देखकर गदगद हो गए। भावविभोर होकर उपस्थित जनसमूह को मातृ-पितृ पूजन दिवस की बधाई दिए। 18 वर्ष पूर्व 2006 में पूज्य संत श्री आशारामजी बापू ने इस दिवस को मनाने की पहल की जो आज भारत सहित 200 देशों में इस दिवस को मना रहे है, यह अभियान एक व्यापक रूप ले लिया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने भी इस पर्व की सराहना करते हुए प्रतिवर्ष इसे मनाने की घोषणा की।

अतिथि रूप में पधारे सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि आज मैं पूरे राष्ट्रवासी को मातृ-पितृ पूजन दिवस पर बधाई देता हूं तथा यह संस्कार जो हमारी प्राचीन संस्कृति थे उसे वर्तमान में भी संस्कारित करने का काम वर्षों से जो चल रहा है मैं इसके लिए पूज्य बापूजी का किन शब्दों में कहूं उन्होंने जो मिशन चलाया है वह बहुत ही अद्भुत है और इनको जारी रखने वाले ऐसे उनके संस्था का जो सतत संस्कार के कार्य में लगे रहते हैं । महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि आज का दिन बहुत खास है क्योंकि आज मातृ-पितृ पूजन दिवस है। जिस तरह श्री गणेश जी ने माता-पिता का पूजन कर उनका आशीर्वाद पाया और प्रथम पूज्य हुए ऐसे ही हम भी अपने माता-पिता का पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त कर सभी क्षेत्रों में सफलता पाए। श्री योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष रोहित चंद्राकर व टीके चंद्राकर ने कहा कि बच्चों को बाल्यकाल में जैसे संस्कार दिया जाए वैसा उसका भविष्य होता है अच्छे संस्कार व्यक्ति को महान बना सकता है और वही बुरे संस्कार इंसान को पतन की खाई में गिरा सकता है। पूज्य संत आशाराम बापू ने बच्चों को अच्छे संस्कार देने के कार्य में अपने जीवन काल के 60 वर्ष सनातन संस्कृति के रक्षा हेतु अर्पित कर दिया ।बाल संस्कार विभाग के प्रमुख संजय साहू ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि आज के सुंदर आयोजन में बाल संस्कार केंद्र के बच्चों ने प्रेरणादायक सुंदर नाटिका प्रस्तुत की फिर बच्चों ने माता-पिता को आसन पर बिठाकर फूल-मालाएँ पहनायीं, तिलक किया और हाथों में पूजा की थाली लेकर पूजा-अर्चना की। फिर माता-पिता ने बच्चों को हृदय से लगा लिया और शुभाशीष दी।



**○ मातृ-पितृ पूजन में पूजे गए सैकड़ों माता-पिता, बच्चों ने लिया आशीर्वाद**
**○ 450 से अधिक स्थानों में हुए मातृ-पितृ पूजन, पूजे गए लाखों माता-पिता**

भारतीय परम्परा की इस झलक को देखकर माता-पिता सहित उपस्थित अन्य लोगों की भी आँखें गीली हो गयीं। कार्यक्रम में उपस्थित मान्यवरों ने श्री योग वेदांत सेवा समिति के इस सुंदर पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की। जिले में अब तक 450 से अधिक स्थानों में यह कार्यक्रम किये गए जिसमें लाखों माता-पिता व विद्यार्थियों ने माता-पिता व गुरुजनों का आदर करना सीखा है। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकगण व पूरे जनसमूह ने उक्त आयोजन को खूब सराहा और भविष्य में ऐसे और भी आयोजन होते रहें, ऐसी इच्छा जाहिर की। बच्चों ने भी वेलेंटाइन डे के बजाय अपने माता-पिता और गुरुजनों का आदर-सम्मान करने के इस दिन को प्रत्येक साल मनाने का संकल्प लिया।

# वित्तीय वर्ष में जनवरी माह तक निगम ने किये 15.86 करोड़ रुपये की राजस्व वसूली



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम वित्तीय वर्ष 2023-24 में राजस्व वसूली के लिये सुनियोजित अभियान चला रहा है और शासन लक्ष्य के अनुरूप वसूली के लिये प्रतिदिन राजस्व का अमला निगम के साथ-साथ प्रतिदिन घर घर जाकर समस्त करों की वसूली कर रहे है। इस वित्तीय वर्ष में जनवरी माह तक नगर निगम ने विभिन्न राजस्व करों के माध्यम से 15 करोड़ 86 लाख 3 हजार रूपये की राजस्व आय प्राप्त किये है।

निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने राजस्व आय के संबंध में बताया कि उपायुक्त मोबिन अली एवं राजस्व अधिकारी दीपक अग्रवाल के नेतृत्व में निगम के राजस्व विभाग द्वारा प्रतिदिन राजस्व कार्यालय में व घर घर जाकर राजस्व वसूली किया जा रहा है, वार्डो में शिविर के माध्यम से भी वसूली की गयी और इस वित्तीय वर्ष में जनवरी माह तक 15 करोड 86 लाख 3 हजार रूपये की राजस्व वसूली हुई है, जो गत वर्ष की तुलना में अधिक है। उन्होंने बताया कि समय समय पर राजस्व प्रभारियों की बैठक लेकर उन्हें डिमाण्ड के विरूद्ध वसूली करने निर्देशित किया जाता है। इस वित्तीय वर्ष की वसूली के तहत जनवरी माह तक डिमाण्ड के विरूद्ध सम्पतिकर की वसूली 4 करोड 42 लाख, समेकितकर की वसूली 1 करोड 39 लाख, जलकर की वसूली 2 करोड 75 लाख रूपये की गयी है, इसी प्रकार दुकान किराया से 58 लाख रूपये, भवन भूखण्ड से 5 लाख रूपये, दुकानों की बिक्री व प्रीमियम से 1 करोड 55 लाख रूपये, कालोनी अनुज्ञा से 2 करोड 34 लाख रूपये, विज्ञापन होडिंग से 12 लाख रूपये, पशु पंजीयन प्रदशर्नी कर से 1 लाख तथा यूर्जर चार्जेस की 78 लाख रूपये की वसूली हुई, जो गत वर्ष की तुलना में अधिक है लेकिन लक्ष्य के अनुरूप वसूली की जानी है, जिसके लिये राजस्व अमला को कड़ाई से वसूली करने निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि करदाताओं की सुविधा के लिये राजस्व वसूली प्रभारी श्री सुदेश राय मोबाईल नं. 9406116543 को नियुक्त किया गया है, जिससे सम्पर्क स्थापित कर घर बैठे बकाया करों का भुगतान कर सकते है।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि अपने बकाया करों का भुगतान करने में करदाताओं का सहयोग भी प्राप्त हो रहा है और वे अपने संपत्तिकर, जलकर, समेकित कर तथा दुकान किराया का भुगतान कर रहे है। किन्तु कुछ करदाताओं द्वारा करो का भुगतान लंबे समय से नही किया जा रहा है, उन्हें नोटिस दी गयी है तथा जल्द से जल्द बकाया करो का भुगतान करने कहा गया है। भुगतान नही करने की स्थिति में बड़े बकायादारों के घर का नल विछेदन कर उनका नाम समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जायेगा तथा कुर्की की कार्यवाही की जावेगी। उन्होने समस्त करदाताओं से अपील करते हुये कहा है कि अपने बकाया करों का भुगतान कर नगर विकास में सहभागी बने और नल विच्छेदन, नाम प्रकाशित व कुर्की होने से बचे।

## अनमोल दावा

> "जिसकी फितरत हमेशा बदलने की हो वह कभी किसी का नहीं हो सकता, चाहे वह समय हो या इंसान

## महामारी के विरुद्ध नए कानून की जरूरत, विधि आयोग ने दी अहम राय

इसमें कोई दोराय नहीं कि जब दुनिया भर में कोरोना विषाणु से उपजी महामारी की चुनौती खड़ी हुई थी तब देश में इसका सामना करने के लिए सरकार ने यथासंभव प्रयास किए। मगर उस दौरान कानूनी तौर पर कुछ सीमाएं भी उजागर हुईं, जिसकी वजह से हालात का सामना करने में कुछ अड़चनें पेश आईं। हालांकि सरकार ने जरूरत के मुताबिक कुछ नए कानूनी उपाय भी किए, मगर भविष्य में वैसी स्थिति से निपटने के लिए और बेहतर व्यवस्था की जरूरत पड़ सकती है। शायद यही वजह है कि विधि आयोग ने महामारी रोग अधिनियम में कुछ अहम खामियों को चिह्नित करते हुए सरकार से सिफारिश की है कि या तो मौजूदा कमियों को दूर करने के लिए कानून में संशोधन किया जाए या फिर भविष्य की महामारियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए एक व्यापक कानून लाया जाए। हालांकि आयोग का मानना है कि महामारी के दौरान सरकार तेजी से बदलते हालात में तुरंत काम कर रही थी, मगर यह महसूस किया गया कि कुछ नए कानूनों के जरिए संकट से बेहतर तरीके से निपटा जा सकता था।

यों जब वैश्विक स्तर पर कोरोना को महामारी घोषित किया गया था, तब उसके विषाणु के संक्रमण के प्रसार को रोकने के मकसद से समूचे देश में च्सामाजिक दूरीज् बनाए रखने से लेकर मास्क लगाने जैसे नियम लागू किए गए थे। संक्रमण का जोर ज्यादा होने पर आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत पूर्णबंदी भी लगाई गई थी। मगर इस दौरान अपनाए गए उपायों और शब्दावली की परिभाषा स्पष्ट नहीं थी। उसी उथल-पुथल भरे दौर में खासतौर पर स्वास्थ्यकर्मियों के सामने आने वाली चुनौतियों के मद्देनजर सन 2020 में महामारी रोग अधिनियम, 1897 में संशोधन किया गया था। मगर वे संशोधन कम पड़ गए और कई कमियां कायम रहीं।

पिछले कुछ समय से दुनिया भर में भविष्य में आने वाली महामारियों को लेकर जिस स्तर की चिंता जाहिर की जा रही है, उसमें वैसे हालात से निपटने के लिए पूर्व तैयारी वक्त का तकाजा है। इस संदर्भ में वैश्विक स्तर पर होने वाली पहलकदमियों में सहभागिता करते हुए देश और आम नागरिकों के अधिकारों का भी ध्यान रखने की जरूरत है।

## कविता

### राजिम मेला

मेला लगइया हे सुघर, राजिम पुरातन धाम मा।
मिलथे जपे ले मोक्ष हा, राजीवलोचन नाम मा।।
सोंढूर पैरी संग मा, चित्रोत्पला के धार हे।
माटी जिहां चंदन हवय, शिवलिंग के भरमार हे।।
ये माघ पुन्नी ले शुरू, शिवरात्रि फागुन तक रथे।
जब संत मन आथे इहां, प्रभु नाम के महिमा कथे।।
पावन बने रहिथे कुटी, सब साधु करथें यज्ञ जप।
कोनो चुपर के राख ला, दिन रात करथें घोर तप।।
मेला हरय ये भक्ति के, करताल घंटी शोर हे।
धुलथे सबो के पाप हा, सुख शांति चारों ओर हे।।
आके मनुज दर्शन करव, ये तीर्थ सब ला तारथे।
मद मोह मत्सर टार के, मन के दनुज ला मारथे।।



तुषार शर्मा ''नादान''
राजिम जिला - गरियाबंद
छत्तीसगढ़

# मोदी की कूटनीति से धमाकेदार जीत संभव

**ललित गर्ग**



2024 के आम चुनावों का रण सज चुका है, कुछ ही हफ्ते बचे हैं और भाजपा एवं सभी विपक्षी दलों ने भी कमर कस ली है। भाजपा एवं इंडिया गठबंधन दोनों ही खेमों में अब हर दिन चुनावी रणनीति को लेकर बैठकों, मुलाकातों एवं चुनावी गणित को फीट करने का दौर चल रहा है, एक तरफ भाजपा 2 हफ्ते बाद उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी करने की तैयारी कर रही है, वहीं दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन मकर संक्रांति के बाद सीट शेयरिंग का फॉर्मूला फाइनल करने वाला है, लेकिन भाजपा ने स्वयं 370 एवं उसके गठबंधन का 400 का लक्ष्य लेकर ही चल रही है। हाल ही में एक मीडिया हाउस के सर्वे के अनुसार भाजपा को भले ही 2019 की तुलना में केवल एक सीट का फायदा हो रहा है, भले नरेन्द्र मोदी का प्रधानमंत्री बनना तय है लेकिन उनके गठबंधन को करीब 17 सीटों का नुकसान होता हुआ दिखाई दे रहा है। हो सकता है अन्य माध्यमों से भी ऐसी ही सूचनाएं भाजपा को मिल रही हो, इसलिये उसने 400 के लक्ष्य को हासिल करने का ठाना है। भाजपा एवं मोदी की चुनावी रणनीतियों एवं विश्वास से ऐसा लग रहा है कि एक बार फिर धमाकेदार जीत दर्ज कर अपनी हैट्रिक पूरी करेगी। इस जीत के बाद भारत में बड़े बदलाव एवं क्रांतिकारी परिवर्तन देखने को मिलेंगे। राजनीति, प्रशासनिक, लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में आमूल-चूल परिवर्तन हो तो कोई आश्चर्य नहीं है। नरेन्द्र मोदी उनके राजनीतिक सलाहकार एवं भाजपा सम्भवतः इस मोड पर पहुंच गए हैं कि चुनाव जीतने के लिए उन्हें जितने तरह का रणनीतिक प्रबंधन करने जरूरी थे, वे सफलतापूर्वक किये जा चुके हैं या जल्द ही कामयाबी से कर लिये जाएंगे। जितनी कमजोर कड़ियां थीं, उनकी मरम्मत कर ली गई है। जिन राज्यों में खराब दृश्य दिख रहे हैं, वहां भाजपा पूरी ताकत से लगी है। भाजपा ने 164 ऐसी सीटों की दो कैटेगरी तैयार कर ली है जहां 45 मंत्रियों को जी-जान से जुटने को कहा गया है, भाजपा कमजोर सीटों पर सबसे ज्यादा जोर लगा रही है क्योंकि 2019 के चुनाव में भाजपा की 48 ऐसी सीटें थीं जहां जीत का अंतर 2 प्रतिशत से भी कम था, इन सीटों पर विपक्षी गठबंधन अगर एक उम्मीदवार उतार देता है तो भाजपा के लिए बड़ी चुनौती हो सकती है। ऐसी ही खतरे वाली सीटों के लिये भाजपा की तीक्ष्ण एवं प्रभावी रणनीतियां बन रही है।



ऐसी ही रणनीतियां से समूचे राष्ट्र के राजनीतिक परिदृश्यों को बदलने एवं अपने पक्ष में करने के लिये भाजपा जुटी है। इसके लिये प्रभावी एवं दूरगामी राजनीतिक से जुड़े बड़े फैसले लिये जा रहे हैं। नीतीश कुमार और जयंत चौधरी जैसे नेताओं को इंडिया गठबंधन से छीन लिया गया है। कांग्रेस के अशोक चव्हान को भाजपा में शामिल करके राज्यसभा में भेजा जा रहा है। मायावती और चंद्रबाबू नायडू को विपक्ष में जाने से रोक दिया गया है। शिवसेना और राकांपा की दो फाड कर दी गयी है। श्रीराम मन्दिर उद्घाटन से हिन्दू वोटों को प्रभावित किया गया है, वही पांच राजनीतिक रत्नों को 'भारत रत्न' सर्वोच्च पुरस्कार की घोषणा से आम चुनावों को प्रभावित करने का राजनीतिक कौशल दिखाया गया है। जब इतना बढ़िया, कौशलपूर्ण और प्रभावी राजनीतिक प्रबंधन हो चुका हो तो चार सौ का लक्ष्य हासिल करना भाजपा के लिये असंभव प्रतीत नहीं होता। वैसे प्रधानमंत्री के रूप में देश की जनता नरेन्द्र मोदी को ही सर्वाधिक पसन्द कर रही है, एक अनुशासित एवं राष्ट्रीय मूल्यों से प्रेरित पार्टी के रूप में भाजपा कायम है। मोदी का राजनीतिक कौशल ही है कि आम तौर से सरकारें चुनाव से पहले अपना खजाना खोलती हैं, लेकिन मोदी बिना खजाना खोले एवं लोकलुभावनी घोषणाओं के चुनावी वैतरणी को सफलतापूर्वक पार करने की रणनीति बना रही है। मोदी जानते हैं कि लोकलुभावन योजनाएं या लाभार्थियों का संसार अपने आप वोटों में नहीं बदलता। उसके तीन स्तरों पर काम करना होता है। राज्यों के स्तर पर जहां अपनी स्थिति लगातार मजबूत करना जरूरी होता है, नेताओं के स्तर पर जो विभिन्न समुदायों की नुमाइंदगी करते हैं और समुदायों के स्तर पर जिन्हें लगातार पार्टी के साथ जोड़ने का अभियान चलाना पड़ता है। एक और स्तर इस बार के चुनावी गणित को प्रभावित करती हुई प्रतीत हो रही है, वह है मोदी का राजनीतिक कौशल एवं देश-विकास का उनका संकल्प। निश्चित ही मोदी भारतीय राजनीति में विश्वास और विकास के नायक हैं तो वैश्विक पटल पर महानायक बनकर देश और दुनिया को दिशा दिखा रहे हैं।

कतर की जेल में बंद आठ पूर्व भारतीय नौसैनिकों की रिहाई और उनमें से सात का स्वदेश आ जाना एक ऐसी शुभ सूचना है, जिससे पूरे देश ने चैन की सांस ली है। इन भारतीयों की सकुशल रिहाई भारत की एक शानदार कूटनीतिक जीत है। यदि इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को दिया जा रहा है तो स्वाभाविक ही है, क्योंकि उन्होंने कुछ समय पहले दुबई में कतर के शासक से मुलाकात की थी। मोदी है तो सब कुछ मुमकिन है। यही कारण है कि उनकी छत्रछाया में भारत में राष्ट्रवाद का रंग गहरा हुआ है और भारत विश्वगुरु बनने की राह पर चल पड़ा है। आगामी लोकसभा चुनाव विशेष होंगे। इन चुनावों में विपक्षी दल कुछ अनूठा एवं विशेष कर पायेंगे, ऐसी संभावनाएं हर दिन कमजोर ही होती जा रही है। राहुल गांधी की यात्रा भी कोई प्रभाव स्थापित नहीं कर पा रही है, बल्कि कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन से विभिन्न दल दूरी बना रहे हैं। यह चुनाव पहले ही उनकी असफलता की घोषणा है। इधर मोदी के प्रति लोगों का आकर्षण कायम है। इसका बड़ा कारण मोदी की राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय छवि कायम रहना है। मोदी ने अनेक चमत्कार घटित किये हैं, जिसका अहसास देश की जनता को है। यूक्रेन युद्ध के समय वहां फंसे भारतीयों को वापस लाना हो या कोरोना के दौरान दुनिया भर में टीका भेजना, ये सभी नरेंद्र मोदी की वैश्विक सोच का परिणाम है।

प्रधानमंत्री मोदी के इस विश्वास एवं दृढ़ता की अनेक वजहें है। एक बड़ी वजह हाल ही में साल 2023 के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने शानदार जीत दर्ज करना भी है। विशेषकर मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ का परिणाम तो कल्पना से भी बाहर था। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक एवं चमत्कारी जीत की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। क्योंकि प्रधानमंत्री के कार्यकाल की अनेक सुखद एवं उपलब्धि भरी प्रतिध्वनियां हैं, जिनमें चांद एवं सूर्य पर विजय पताका फहरा देने के बाद धरती को स्वर्ग बनाने की मुहीम चल रही है, राष्ट्रीय जीवन में विकास की नयी गाथाएं लिखते हुए भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनाने की ओर अग्रसर किया जा रहा है।

पत्रकार एवं स्तंभकार
ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट 25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपडगंज, दिल्ली-92
फोन: 22727486, 9811051133

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 67: राम और लक्ष्मण जनकपुरी के राजपथ पर

**डॉ.योगेंद्र कुमार पांडेय**



राम और लक्ष्मण मिथिला के राजमार्ग पर पहुंचे।उत्कृष्ट नगर नियोजन के कारण जनकपुरी एक व्यवस्थित नगर है। यहां के निवासियों के मुखमंडल पर प्रसन्नता है। राम और लक्ष्मण को मार्ग में पैदल जाते देखकर एक रथ उनके निकट आकर रुका। सारथी ने पूछा,

''कहां जाना है आप दोनों को? मैं वहां लिए चलता हूं।''

राम और लक्ष्मण मुस्कुरा उठे। कोई उत्तर नहीं मिलने पर सारथी ने फिर पूछा, ''मैं बहुत कम शुल्क में, आप जहां चाहे, वहां की सैर करा दूंगा।''

हंसते हुए राम ने कहा, ''नहीं श्रीमान! हमें आवश्यकता नहीं है। हम पैदल ही इस नगरी का भ्रमण करने के लिए निकले हैं।''

''जैसी आप लोगों की इच्छा'' कहते हुए रथवाला आगे बढ़ गया। मार्ग के दोनों ओर भव्य भवन बने हुए हैं। समृद्धि और वैभव में जनकपुरी में अयोध्या की झलक है।जनकपुरी का नगर नियोजन अप्रतिम है। मार्ग के दोनों ओर कदंब, अशोक और पारिजात के वृक्ष हैं। कहीं - कहीं बड़े भवनों की चहारदीवारी के भीतर आम,साल,चंदन और जामुन के वृक्ष हैं। जनकपुरी में धर्मशालाएं, अन्नागार, विपणन केंद्र, औषधालय सभी व्यवस्थित हैं। नगर के बाहरी हिस्से में परकोटा है और अनेक स्थानों पर रक्षक दलों तथा सैनिक कर्मियों की उपस्थिति दिखाई देती है। राम और लक्ष्मण ने जिन क्षेत्रों का भ्रमण किया, वहां दो बड़ी पाठशालाएं भी हैं। वहां शिष्यों की बड़ी संख्या को देखते हुए यह सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि यह नगर के बाहर वन क्षेत्र में बने आश्रमों से अलग कम आयु के विद्यार्थियों के लिए प्रारंभिक शिक्षण के उद्देश्य से बनाए गए हैं।मिथिला राज्य के इस प्रमुख नगर में कोई व्यक्ति असंतुष्ट,हताश और निराश नहीं दिखाई दे रहा है।नगर में भगवान शिव,माता भवानी और श्री हरि विष्णु के पूजा स्थान हैं। नगर में अनेक स्थान पर साधु संत आनंदपूर्वक विचरण और हरि नाम संकीर्तन करते हुए दिखाई देते हैं।

हर व्यक्ति अपने उद्यम में है। अभी संध्या होने में देर है और अनेक क्रीडा क्षेत्र बच्चों की खिलखिलाहट और उनकी हंसी से गुंजित हैं। कुछ बच्चे कंदूक खेल रहे हैं। कुछ बच्चों के हाथ में कंचे हैं।

''एक क्रीड़ा क्षेत्र में राम और लक्ष्मण थोड़ी देर के लिए रुककर बच्चों का खेल देखने लगे। धनुष - बाणधारी दो आकर्षक किशोरों को देखकर बच्चों के झुंड ने उन्हें घेर लिया।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत और हिंदी साहित्य से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में रामकथा का एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से, मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## कविता

### बसंत ऋतु

प्रकृति के सुकुमार कवि, कहते सुमित्रानंदन पंत
सरद उपरांत आता, ऋतुओ का राजा बसंत
वसंत ऋतु होती है, स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छी
पेडों मे चहचहाने लगते, कई रंग-बिरंगे पंछी
बगीची मे रंग-बिरंगे, फूल जाते है खिल
जल से भरा नजर आता, नदियां तालाब झील
कल- कल नाद करते, बहती नदियां व झरने
हरा-भरा दिखता खेत, वन भी दिखते हरे-भरे
फूलो की महक से, मन हो जाता है प्रसन्न
खेतो मे लहलहाते दिखते, जीवनदायिनी अन्न
इस मौसम मे आने लगती, आमो में भी बौर
आडू, बादाम चैरी खुबानी,
खूब चलता फलो का दौर,
इस ऋतु मे लोग जाते, प्रातः सायं करने भ्रमण
शरीर में स्फूति आती, जब चलती शीतल पवन
बसंत पंचमी को एक, पर्व के रूप में है मनाते
देवी शारदा की पूजा करते, प्रतियोगिता आयोजित करातें
यह त्यौहार स्वस्थ सुन्दर, दिखने की देती है प्रेरणा
हमें प्रसन्न मन से, बसंत ऋतु का स्वागत है करना।

**श्रीमती शशिकला कठोलिया**
**राज्यपाल से पुरस्कृत शिक्षिका**
**शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, दीवानभेड़ी**

## कविता

### अपनी जवानी को यूं बर्बाद ना कर

जिन्दगी में जवानी सिर्फ एक बार ही आती है,
युवा पीढ़ी जवानी में मदहोश हो जाते है।
जवानी को जवानी की तरह ढालना आते है,
जवानी को जवानी की तरह जीना सिख जाते है।
जवानी आते ही जवानी को बर्बाद कर जाते है,
ज्यादा शराब सेवन से जवानी खत्म हो जाते है,
ये जवानी शराब न पी, लीवर, गुर्दा खराब हो जाते है।
ज्यादा नशा पानी से शरीर नष्ट हो जाते है,
जवानी में ही बूढ़ापा आ जाता है।
अपनी जवानी में इतना ना इतराओ सम्भल जाओ,
जवानी खूबसूरत जिन्दगी है,
इसे जीना सीख जाओ।
युवा पीढ़ी अपनी जवानी को
नशा में चूर न कर,
और 'अपनी जवानी को
यूँ बर्बाद ना करो।'




बलराम सिन्हा ''रब''
ग्राम - सुरगी राजनांदगांव, मो. 9752071326

## शब्द सामर्थ्य -334

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**
1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 333 का हल**



## सू- दोकू क्र.334



**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.333 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## राशिफल

**मेष:** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से पार्टनरशीप करने पर विचार करेंगे। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है।

**वृषभ:** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके व्यापार में रोज की अपेक्षा ज्यादा लाभ होगा। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोक-झोक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आएगा। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरतें। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोड़ा अधिक मेहनत करने की जरुरत है।

**मिथुन:** आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आज आप जो भी काम करेंगे वह पूरे मन से करेंगे। कोई नया अनुभव आपको मिलेगा। मानसिक परेशानी का निवारण होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपका सामाजिक दायरा और आपका सम्मान बढ़ेगा। आप किसी मित्र से सहयोग लेंगे।

**कर्क:** आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए हैं, लेकिन पढ़ाई में और मेहनत करने की जरुरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। ऑफिस मे सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सिखना चाहेंगे।

**सिंह:** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको घर के बड़ों से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। कोई रिश्तेदार आज आपको बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देगा। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। बड़े-बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे।

**कन्या:** आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच समंजास्य बनाए रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नए तरीकों पर विचार करेंगे। व्यवसाय कर रहे लोग व्यवसाय को आगे बढ़ाने में कामयाब होंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। नए वाहन का सुख प्राप्त होगा।

**तुला:** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। नौकरी कर रहे लोगों को आज दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना होगा, नहीं तो सीनियर से डांट भी खानी पड़ सकती है। लवमेट के साथ लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे।

**वृश्चिक:** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बेवजह की उलझन से दूर होकर आप किसी मंदिर या धार्मिक स्थल पर अपना खाली समय बिताएंगे। यात्रा पर भी जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। आप दुनिया की भीड़ में कहीं खो गए हैं, तो अपने लिए वक्त निकाले।

**धनु:** आज का दिन खुशियों का नया रास्ता दिखाएगा। किसी पार्क में परिवार वालों के साथ घूमने का प्लान कैंसिल होने की संभावना है। पारिवारिक सुख-सुविधा का लाभ मिलेगा। आप किसी राजनेता से संपर्क करेंगे। फुल कॉन्फिडेंस से अपने सभी रुके कामों को गति देंगे, आपको अन्य सहयोगियों की जरूरत पड़ सकती है।

**मकर:** आज का दिन आपका बहुत बढ़िया रहेगा, मन खुश रहेगा। आपको सब्र रखना होगा। ऑटोमोबाइल के व्यापार में आपको लाभ मिलेगा। आप अपने दोस्तों या सहयोगियों के साथ किसी टूर पर जाएंगे। प्रशासनिक सेवाओं से जुड़े लोगो से आप लाभ की प्राप्ति करेंगे। नया बिजनेस स्टार्ट करेंगे।

**कुंभ:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति की मदद करेंगे जिससे पूरा दिन आपके अंदर पाजिटीविटी बनी रहेगी। आज आप जिस भी काम की शुरुआत करेंगे। वह समय से पूरा हो जाएगा। किसी नए रिश्ते की शुरुआत करने का मौका मिलने की संभावना है।

**मीन:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप माता को कुछ गिफ्ट दे सकते हैं आपकी माता को खुशी होगी। आज आपका रुका हुआ काम पूरा होगा। आज आप बोलने के बजाए सुनने पर ज्यादा ध्यान दें। इससे आपको कोई जरूरी बात पता चल सकती हैं। आपकी तारीफ हो सकती है।



# पहला कॉलम...

## महरूम में श्रीमद् देवी भागवत महापुराण 18 तक



डोंगरगांव (दावा)। अंचल के ग्राम महरूम में दीक्षित परिवार एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा के पंचम दिवस व बसंत पंचमी के पावन अवसर में महिषासुर वध कथा, कात्यायनी कथा, पंचमी श्रृंगार, बसंत उत्सव का वर्णन तथा महाआरती किया गया, गत 10 फरवरी से आगामी 18 फरवरी तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन में प्रवचनकर्ता भागवत विभूति पंडित कामता प्रसाद तिवारी के मुखारविंद श्रद्धालुगण संगीतमय देवी महिमा का गान सुन रहे हैं. 15 फरवरी को शुम्भ-निशुम्भ, महाकाली, महासरस्वती, यज्ञदेव, तुलसी विवाह उत्सव होगा। कथा में परायणकर्ता पं.जितेन्द्र कृष्ण तिवारी अरजकुंड एवं पं.रिषभदेव पराशर दल्लीराजहरा हैं जबकि प्रतिदिन पंडित वरुणदेव तिवारी व्दारा वेदी पूजन प्रातः 9 से 11 बजे तक होता है एवं भागवत कथा दोपहर 1 बजे से संध्या 5 बजे तक आयोजित हो रहा है जो कि 18 फरवरी को गीता, तुलसीवर्षा, कपिला तर्पण, हवन पूर्णाहुति महाप्रसादी के साथ सम्पन्न होगा।

## मिरचे पंचायत सचिव ने 50वीं वर्षगांठ स्तंभ को तोड़ा

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। अम्बागढ़ चौकी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मिरचे के सचिव अवधेश ठाकुर के द्वारा ग्राम में बने 50वी वर्षगाठ स्तंभ को तोड़ दिया गया, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है ग्रामीणों ने पंचायत सचिव पर आरोप लगाया कि वे समय पर पंचायत नहीं आते अपने मर्जी से आते जाते है, जिससे शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी हितग्राहियों को नहीं मिलती। ग्रामीणों को छोटे-छोटे कार्यों के लिये भटकना पड़ता है। पंचायत सचिव मनरेगा के काम मे भी गाँव के 8 मजदूरों को काम नही दिया जाता भेदभाव पुर रवैया अपनाते है अभी 6 माह पूर्व सीसी रोड स्वीकृत हुआ है किंतु अभी तक कार्य प्रारंभ नही हुआ है पंचायत सचिव अवधेश ठाकुर ग्रामवासियों के सामने अपने लिखित बयान में बताया कि वह आर्थिक कारणों से मिरचे पंचायत में नही रहना चाहता मुझे अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया जावे।

## प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला पिनकापार (जेवरतला) में बसंत पंचमी मनाई गई



हरदी (दावा)। शासकीय बालक प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला ग्राम पिनकापार (जेवरतला) में बसंत पंचमी 14 फरवरी को सरस्वती पूजा एवं मातृ-पितृ दिवस के रूप में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व सचिव के साथ-साथ पालकगण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की रूपरेखा इस प्रकार रही, सर्वप्रथम मां शारदा के तैलचित्र पर अतिथियों द्वारा पूजा अर्चना किया गया। तत्पश्चात बच्चों द्वारा अपने अपने माता-पिता का गुलाल लगाकर चरण वंदन किया गया और अपनी माता-पिता से आशीर्वाद प्राप्त किया और साथ ही साथ समस्त सदस्यों व पालक मिलकर याददाश्त के रूप में शाला प्रांगण भवन के गार्डन में केला पौधारोपण किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम में विशेष योगदान रहा संस्था के प्रधान पाठक माध्यमिक शाला से धनसिंह कौमार्य एवं प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक शत्रुहन लाल सोनकर, रूकम सिंह देवांगन सर, दुर्गेश कुमार सोनकर एवं समस्त रसोईयाँ और स्वीपर स्टॉफ का भी विशेष योगदान रहा।

## अभाविप के कार्यकर्ताओं द्वारा पुलवामा हमला के वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



डोंगरगढ़ (दावा)। इकाई में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई डोंगरगढ़ के द्वारा पुलवामा हमला में शहीदों को नगर अध्यक्ष सुश्री किरण नरेड़ी की उपस्थिति में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नगर मंत्री शुभम महोबिया ने बताया की आज से ठीक चार वर्ष पूर्व सम्पूर्ण भारत दुख एवं पीड़ा का सामना करना पड़ा और आज भी पूरे भारत में पुलवामा में हुए हमले में 40 जवान मां भारती के वीर सपूतों को खो दिया पूरे भारत में आज काला दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अमित जैन, नारायण अग्रवाल, सुमित मिश्रा, श्रीमती सविता दरगढ़, श्रीमति अनिता इंदुलकर, लोकेश इंदुलकर, एबीवीपी के पूर्व जिला संयोजक टेकेंद्र साहू, भावेश साहू, लवकुश साहू, अभिषेक रात्रे, कुणाल सिन्हा, रोशन सिन्हा, जायद पटेल, आसू घीदौड़े, अंकित गुप्ता उपस्थित थे।

## एसपी द्वारा क्राईम बैठक लेकर अपराध नियत्रंण एवं लंबित मामलों की गहनता से की गई समीक्षा

खैरागढ़ (दावा)। पुलिस अधीक्षक कार्यालय खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई में पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक नेहा पाण्डेय, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खैरागढ़ लालचंद मोहले व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी गण्डई प्रशांत खाण्डे की उपस्थिति में जिले के थाना/चौकी प्रभारियों की मींटिग लेकर अपराध नियत्रंण एवं लंबित मामलों की गहनता से समीक्षा की गई। अपराध रोकने एवं असामाजिक गतिविधियों पर नियत्रंण हेतु सख्त दिशा निर्देश दिया गया। अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने एवं समंस/वारंटों की तामीली पर विशेष बल दिया गया। थानों में लंबित अपराध, मर्ग एवं शिकायतों के शीघ्र निराकरण हेतु हिदायत दिया गया। थानो में दर्ज गुम इंसान के प्रकरणों में गंभीरता से जांच कर गुम इंसानों की पता तलाश करने निर्देशित किया गया। अपराधों के रोकथाम हेतु अधिक से अधिक माईनर एक्ट की कार्यवाही कर जुआँ, अवैध शराब बिक्री, दवाईयां नशाखोरी पर नियंत्रण करने थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया। थानों में लगे हुए कैमरा के उचित रख-रखाव हेतु एवं थाना प्रभारियों को जनता में महिला एवं बच्चो के विरूद्ध अपराध, सायबर अपराध, सामाजिक बुराईयों के प्रति जागरूक करने तथा शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए चलित थाना व विभिन्न ग्रामों में सामुदायिक पुलिसिंग चलाये जाने के लिए हिदायत दिया गया।

# एडीबी प्रोजेक्ट के सड़क व नाली निर्माण कार्य की गति सुस्त

*(देवेश सोनी)*



छुईखदान (दावा)। एडीबी प्रोजेक्ट में छुईखदान से दनिया तक करीब 27 किलोमीटर का सड़क बनाई जा रही है। जिसकी अनुमानित लागत लगभग 20 करोड़ है। एडीबी प्रोजेक्ट के सड़क व नाली निर्माण कार्य की सुस्त गति से लोग बहुत परेशान है। स्थिति ऐसी है कि शहर के छोर में आकर सड़क रुक गया है कर्रापारा से लेकर बिजली ऑफिस चौक तक सड़क की बहुत ही दुर्गति हो गई है। धुल के गुब्बारे उड़ रहे हैं, लोगों का चलना मुश्किल हो गया है एवं आसपास के घरों में गंदगी एवं धूल घुस रही है थोड़ा से भी पानी गिरने में सड़क कीचड़मय हो जाता है जिन लोगों का सड़क चौड़ीकरण में घर टूटा है उन्हें घर बनाने के लिए बिल्डिंग मटेरियल रखना की भी जगह नहीं है, इस कारण टूटा हुआ घर का मालिक घर नहीं बन पा रहे हैं बन रहे नाली का कार्य अधूरा है। इस कारण मवेशियों व बच्चों के नाली में गिर जाने की आशंका बनी हुई है। शहर वासियों के घर के सामने अधूरी नाली बनने से अपने वाहनों को निकालने में परेशानी हो रही है। इस संबंध में एडीबी प्रोजेक्ट के मैनेजर से शिकायत कर चुके हैं। अधिकारी केवल आश्वासन दे रहे हैं। पूर्व पार्षद आलोक यादव का कहना है कि सड़क चौड़ीकरण में मेरा घर टूट चुका है मैं नया घर बनाना चाहता हूं परंतु मुझे बिल्डिंग मटेरियल रखने का जगह ही नहीं है जिससे मेरा घर का कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है

शहर के कडरापारा से लेकर बिजली ऑफिस चौक तक नाली और सड़क का आधा अधूरा निर्माण कार्य किए जाने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है लोगों को आवागमन में दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर छोटे-छोटे बच्चों को आवाजाही करने में ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। नाली में गिरकर लोग चोटिल हो रहे हैं आधा अधूरा निर्माण कार्य होने के कारण मोहल्ले के लोगों के लिए घर तक अपना वाहन ले जाने में भी दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। चौपहिया वाहनों को लोगों को अपने घर से दूर ही रखना पड़ रहा है इससे वाहन चोरी होने की आशंका बनी रहती है। निर्माण कार्य पूरा नहीं किए जाने से स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है लोगों का कहना है कि आम लोगों की समस्याओं के प्रति एडीबी के अधिकारी उदासीन बने हुए हैं इस कारण आधा अधूरा निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए प्रति गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। अब जबकि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हो चुका है नए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से इस क्षेत्र के लोगों ने मांग की है नगर के अंदर अधूरा पड़ा हुआ सड़क का कार्य शीघ्र किया जाए।

# खैरागढ़ कालेज में बसंत पंचमी पर मां सरस्वती पूजा संपन्न



खैरागढ़ (दावा)। रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय एवं शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय खैरागढ़ के छात्र-छात्राओं द्वारा 14 फरवरी बुधवार को बसंत पंचमी उत्सव पर मां सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा किया गया। छात्रसंघ प्रभारी जे.के. वैष्णव ने मां सरस्वती को गेहूं बाली, आम का बौर, चनाफल, पका बेर, श्रीफल भेंट कर अगरबत्ती, दीप से आरती किया।

डॉ उमेंद चन्देल ने मां सरस्वती वंदना प्रस्तुति दी। इस अवसर पर प्रो. सुरेश आडवानी, प्रो.रोहित लाल देवांगन, यशपाल जंघेल, भबीता मंडावी, मनीषा नायक, डॉ उमेंद चन्देल, डॉ परमेश्वरी टांडिया, डॉ मेधाविनी तुरे, प्रज्ञा सोनी, अतुल नायक, अजय कुमार बाटनी, मैथिली पटेल, पायल सुधाकर सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। छात्रसंघ प्रभारी जे के वैष्णव ने ऋतुओं के राजा बसंत ऋतु के महत्व को रेखांकित किया। बसंत उत्सव पर मां सरस्वती पूजा महत्व को बताते हुए छात्र-छात्राओं को आगामी 01 मार्च से विश्वविद्यालयीन परीक्षा की तैयारी करने कहा। शिक्षकगण एवं छात्र छात्राओं ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम संचालन एवं आभार प्रदर्शन छात्रसंघ प्रभारी जे के वैष्णव ने किया।

# जिले में यातायात नियमों का पालन करने व हेलमेट पहनने पुलिस अधीक्षक की अपील

**अभियान से प्रेरित होकर स्वेच्छा से 40 लोगों ने हेलमेट खरीदकर हेलमेट पहनने की शपथ ली**



खैरागढ़ (दावा)। जिले के पुलिस कप्तान त्रिलोक बंसल (आईपीएस) के निर्देशन में आज जिले की यातायात व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने एवं मृत्यु, गंभीर चोट जैसी बड़ी दुर्घटनाओं को रोकने हेतु जिले के सभी थानों एवम यातायात शाखा खैरागढ़ को आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त हुआ, जिसके परिपालन में यातायात पुलिस खैरागढ़ एवं पुलिस थाना ठेलकाडीह द्वारा चालान नहीं समाधान का मूल मंत्र ध्यान में रखते हुए लोगों को हेलमेट लगाने के महत्व को बताते हुए हेलमेट लगाने से होने वाले क्षति एवं चालान से मुक्ति के बारे में बताकर पुलिस थाना ठेलकाडीह अंतर्गत ठेलकाडीह चौक पर चालान नहीं समाधान यातायात जागरूकता अभियान, यातायात प्रभारी निरीक्षक शक्ति सिंह एवं थाना ठेलकाडीह प्रभारी निरीक्षक आलोक साहू के नेतृत्व में चलाया गया, जिससे प्रेरित होकर राह में आने जाने वाले बिना हेलमेट लगाए। 40 वाहन चालकों ने स्वेच्छा से हेलमेट क्रय कर पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के दिशा निर्देश पर चलाए जा रहे यातायात जागरूकता अभियान को सफल बनाया है। प्रथम चरण में इसी प्रकार के चालान नहीं समाधान जैसे यातायात जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं इसके पश्चात द्वितीय चरण में पुनः यातायात के नियमों के अवहेलना करने वालों पर चालानी कार्यवाही की जाएगी इसकी भी समझाइश दिया जा रहा है।

# नीरज विद्या मंदिर में मना ग्रेंड पेरेंट्स डे





**वृद्धजन से ही परिवार की खूबसूरती है-पुष्पा बाजपेयी**

डोंगरगांव (दावा)। नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर में बसंत पंचमी एवं ग्रेंड पेरेंसट्स डे उत्साहपूर्वक मनाया गया। प्रारंभ में संस्था के पदाधिकारियों द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। इस अवसर पर एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी, प्राचार्या सुश्री अंजुम जहान एवं प्रशासक जी.राम सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों के दादा-दादी और नाना-नानी विशेष रूप से उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बने। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती बाजपेयी ने कहा कि बसंत पंचमी विद्यार्थी वर्ग सहित समूची मानव जाति के लिए मां शारदा की आराधना का पर्व होता है। सतत् मेहनत से हम अपनी बुद्धि का विकास कर सकते हैं। उन्होंने ग्रेंड पैरेंट्स डे के अवसर पर उपस्थित दादा-दादी और नाना-नानियों को शुभकामनाएं दीं। प्राचार्या सुश्री जहान ने कहा कि संयुक्त परिवार से ही आज की पीढ़ी बहुत कुछ सीख सकती है। बच्चों को जीवन की विषमताओं से जूझने की ताकत इन्हीं से मिलती है और परिस्थितियों पर विजय प्राप्त करते हुए समाज में अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। माता-पिता के साथ-साथ दादा-दादी और नाना-नानी का भी संरक्षण व मार्गदर्शन मिलता है।

कार्यक्रम में उपस्थित दादा-दादी और नान-नानी का तिलक लगाकर भावपूर्ण स्वागत संस्था की शिक्षिकाओं ने किया। सम्मान से भाव-विभोर हुए दादा-दादी और नाना-नानियों ने कार्यक्रम की मुक्तकंठ से सराहना की। प्री-प्रायमरी के छात्र सार्थक गायकवाड, स्वस्तिक सोनी, शिविका गोलछा एवं कल्प पंसारी ने भाषण एवं काव्य पाठ से उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। बच्चों ने समूह नृत्य व गीतों की प्रस्तुति भी दी। दादा-दादी एवं नाना-नानी के लिए आकर्षक गेम्स का भी आयोजन किया गया। विजेताओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। आयोजन की स्मृति स्वरूप ग्रेंड-पैरेंट्स को सतसाहित्य एवं पौधे का गमला अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती सैयद नूरजहां, श्रीमती आशा साहू, श्रीमती सुनिता जैन, श्रीमती प्रीति शर्मा, श्रीमती श्वेता देवांगन, शिल्पा कलचुरी एवं श्रीमती सोनिका श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता डॉ. लोकेश शर्मा, शिक्षिका आशा साहू एवं सोनिका श्रीवास्तव ने किया।

# कल लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर जिला किसान कांग्रेस की बैठक



**डोंगरगांव में होगा मंथन, तीनों जिले का संगठन शामिल होगा**

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव की तैयारियों के परिप्रेक्ष्य में जिला किसान कांग्रेस की बैठक कल 16 फरवरी को डोंगरगांव नगर स्थित कांग्रेस भवन में आयोजित होगी। उक्त बैठक में जिला खैरागढ़-गंडई-छुईखदान व जिला मानपुर-मोहला-अंबागढ़ चौकी किसान कांग्रेस संगठन भी शामिल होगा। इसके अतिरिक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू भी बैठक में प्रदेश संगठन के निर्देशों व चुनाव की तैयारियों पर चर्चा करेंगे।

जिला किसान कांग्रेस के मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम साहू व गौतम वर्मा ने संयुक्त रूप से जारी जानकारी में बताया कि जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू ने इस कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार की है, जिसकी तैयारियों हेतु संगठन के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी उन्होंने सौंपी है। उक्त कार्यक्रम में मोदी की गारंटी पर भाजपा सरकार की वायदा खिलाफ, किसानों व ग्रामीणों हेतु संचालित योजनाओं को बंद करने के निर्णय और उससे नुकसान सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा कर रणनीति बनाई जानी है। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा की केंद्र सरकार व राज्य सरकार की असंवेदनशीलता को जनता के बीच पहुंचाया जाएगा।

जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू ने कहा कि, कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में जारी भारत जोड़ो यात्रा हाल ही में छत्तीसगढ़ से गुजरी है। इस दौरान जनसामान्य की प्रतिक्रिया ने कांग्रेस का उत्साह और बढ़ाया है। उन्होंने किसान और किसानी के संदर्भ में कई बाते कहीं हैं। उन्होंने स्वामीनाथन कमीशन के आधार पर समर्थन मूल्य देने की घोषणा भी की है जिसके लिए किसानों दशकों से संघर्ष कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर इन्हीं विषयों पर संगठन आपसी चर्चा करेगा और रणनीति तैयार करेगा।

जिला किसान कांग्रेस के मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम साहू व गौतम वर्मा ने उक्त बैठक में कांग्रेस जन की उपस्थिति का आग्रह किया है।

# गांव चलो अभियान, लोकसभा चुनाव के लिए मील का पत्थर- कैलाश शर्मा



खुज्जी (दावा)। लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा अपनी योजनाओं को गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचने गांव चलो अभियान को लेकर कमर कस चुकी है।

इस अभियान के तहत भाजपा नेता कैलाश शर्मा ने गांव चलो अभियान में शामिल हुए। गांव चलो अभियान कार्यक्रम अन्तर्गत गुंडरदेही कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा नेता कैलाश शर्मा ने कहा कि केंद्र में भाजपा की नरेन्द्र मोदी एवं राज्य कि विष्णु देव साय सरकार के द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है।

जिसका आप लोग अधिक से अधिक लाभ उठाएं एवं अन्य लोगों को भी भाजपा सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें। नव मतदाता बहनों से एवं महिला समूह की बहनों से भाजपा सरकार कि महत्वपूर्ण योजना महतारी वंदन योजना के बारे मे विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि इस योजना का लाभ अधिक से अधिक संख्या में उठाएं। लाभार्थी मतदाताओं ने भी विभिन्न योजनाओं से जो लाभ मिला है उसे बताया गया। आने वाला लोकसभा चुनाव में भाजपा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार को पुनः बनाने के लिए अनुरोध किया। नव मतदाताओं, महिला समूह की बहनों एवं लाभार्थी मतदाताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को सराहा।

# तनावमुक्त जीवन जीने के लिए आंतरिक शक्तियों की जागृति जरूरी- प्रभा बहन जी



राजनांदगांव (दावा)। भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के जवानों के लिए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा तनावमुक्त जीवन जीने की कला विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित ब्रह्माकुमारी प्रभा बहन जी ने उपस्थित जवानों को संबोधित करती हुई कहा की हमारे अंदर अनंत शक्तियों का भंडार है। हम अपने शक्तियों को भूले हुए है इसलिए हमारा मन कमजोर हो गया है जिससे छोटी सी बात हमे बहुत बड़ी समस्या लगती है और हम तनावग्रस्त या अवसादग्रस्त हो जाते है। यदि हम अपने शक्तियों को पहचान ले और उसे निरंतर बढ़ाने का पुरुषार्थ करें तो हमारा मन शक्तिशाली हो जायेगा और सदा खुश रहेंगे। इसके लिए हमे राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास प्रतिदिन करना पड़ेगा। इसके बाद बहन जी सभी जवान भाईयो को राजयोग मेडिटेशन के द्वारा गहन शांति की अनुभूति कराई। इसके पूर्व प्रेरक वक्ता ब्रह्माकुमार झालम भाई ने सभी जवान भाईयों को कहा की हमें जीवन में कभी निराश नहीं होना चाहिए चाहे कितनी भी बड़ी बात क्यों न आ जाए। हमें सकारात्मक भाव से हर समस्या का समाधान करना चाहिए और अपने जीवन के मूल्य को समझते हुए सदा खुश रहना चाहिए। इस कार्यशाला के दौरान सहायक सेनानी/तनाव परामर्शदाता विजय कुमार ने भी उपस्थित पदाधिकारियों को कार्यस्थल पर अनावश्यक तनाव को नियंत्रित करते हुए अपनी जिम्मेदारियों के लक्ष्य को उचित ढंग से प्राप्त करने हेतु प्रेरक व्याख्यान दिया तथा उपमहानिरीक्षक महोदय के निर्देशन में आयोजित हुई। इस कार्यशाला में आए अतिथि वक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम से निश्चित रूप से बल के पदाधिकारियों को लाभ होगा इसके लिए उन्होंने ब्रह्माकुमारीज का भी धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी झिलेश्वरी बहन तथा भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के जवानों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। इस अवसर पर अंत में जवानों ने तालियां बजाकर वक्ताओं का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# डोंगरगांव विकासखंड अंतर्गत तीन सड़क मार्गो पर 12 टन अधिक क्षमता के माल वाहनों के आवागमन को प्रतिषेध

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल ने डोंगरगांव विकासखंड अंतर्गत आने वाले तीन सड़क मार्गो पर 12 टन अधिक क्षमता के माल वाहनों के आवागमन को प्रतिषेध कर दिया है। इसके अंतर्गत घोरदा से बनहरदी 3 किलोमीटर, रामपुर से बनभेड़ी 2.95 किलोमीटर एवं अर्जुनी से मेढ़ा 2.50 किलोमीटर शामिल है।

जारी आदेश में कहा गया कि जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अन्य निर्माण कार्य के लिए खनिज सामग्री (मुरूम, रेत, गिट्टी, पत्थर) का परिवहन 12 टन से अधिक भार क्षमता वाले वाहनों द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्मित सड़क मार्ग से होता है। ग्रामीण इलाकों की जिला मुख्यालय एवं मुख्य सड़क से जोडने हेतु प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का निर्माण किया गया है। इन मार्गो का मानक डिजाईन जिले की अन्य सड़क मार्ग (ओडीआर) के बराबर होने के कारण व्यावसायिक मालवाहनों को संचालन से क्षति पहुंचती है, इनके रख-रखाव पर राजस्व का व्यय होता है।

सार्वजनिक लोक सुरक्षा एवं सुविधा की दृष्टि से और सड़क एवं पुल-पुलियों के स्वरूप को देखते हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना राजनांदगांव जिले के मार्गो पर भारी वाहनों (12 टन से अधिक) के आवागमन हेतु निषेधित करना अति आवश्यक हो गया है। जिसे देखते हुए केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 115 एवं छत्तीसगढ़ मोटरयान नियम 1994 के नियम 215 की शक्तियों का उपयोग करते हुए माल वाहनों के आवागमन के प्रतिषेध के संबंध में आदेश जारी किया गया है।

## डोंगरगढ़ में यादव मेला 24 फरवरी को

डोंगरगढ़ (दावा)। धर्मनगरी के राधाकृष्ण मंदिर में आगामी 24 फरवरी को यादव मेले का आयोजन अपने स्थापना दिवस के दिन होने जा रहा है। इस दिन समाज के द्वारा सुबह से ही विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। वहीं दोपहर 2 बजे से इस कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथियों का स्वागत सत्कार किया जाएगा। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संतोष पांडे, डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, स्थानीय विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल के साथ प्रांतीय यादव समाज के अध्यक्ष अजय यादव इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

# पहला कॉलम...

## वैलेंटाइन डे से पहले पूर्व डच पीएम ने पत्नी के साथ चुनी इच्छा मृत्यु, हाथों में हाथ डाले तोड़ा दम

एम्स्टर्डम। आज 14 फरवरी है, यानी वैलेंटाइन डे का दिन है। इन दिन पूरी दुनिया के प्रेमी-प्रेमिका अपने प्यार का इजहार कर रहे हैं। इस बीच नीदरलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री ड्राइस वैन एग्ट और उनकी पत्नी यूजीन ने एक साथ दम तोड़ दिया। दोनों 93 साल के थे। दोनों पति-पत्नी की 'हाथ में हाथ डालकर' कानूनी इच्छामृत्यु से मौत हो गई है। बता दें कि दोनों ने 5 फरवरी को कानूनी तौर पर इच्छा मृत्यु (एक्टिव यूथेनेसिया) चुनी थी।

एक प्रेस रिलीज के मुताबिक, एग्ट और उनकी पत्नी दोनों मरने से पहले कुछ समय से बिगड़ते स्वास्थ्य से परेशान थे, लेकिन दोनों की मौत से 70 सालों के साथ का अंत हो गया। प्रेस रिलीज में आगे कहा गया है, एग्ट अपनी प्यारी पत्नी यूजिनी के साथ और हाथों में हाथ डालकर मरे, जिनके साथ वह सत्तर साल से अधिक समय तक साथ रहे। अपनी पत्नी को वह हमेशा 'माय गर्ल' कह कर बुलाते थे।

## एमएससीआई ग्लोबल स्टैंडर्ड इंडेक्स में भारत का दबदबा

नई दिल्ली। पंजाब नेशनल बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, एनएमडीसी, बीएचईएल और जीएमआर एयरपोर्ट्स इंफ्रा को मंगलवार को फरवरी की समीक्षा में एमएससीआई ग्लोबल स्टैंडर्ड इंडेक्स में शामिल कर लिया गया है। एमएससीआई ने बिना कटौती ग्लोबल स्टैंडर्ड इंडेक्स में पांच भारतीय स्टॉक्स जोड़े है। चीन के बाद भारत अब वह देश बन गया है, जिसका वेटेज इंडेक्स में दूसरे स्थान पर है। एयर कंडीशनिंग के बाजार के लिए खुशखबरी उत्तर प्रदेश के नोएडा में एसीआरईएक्स इंडिया का तीन दिवसीय एक्सपो आयोजित होने वाले हैं। यह एक्सपो का 23वां संस्करण है। इंडियन सोसाइटी ऑफ हीटिंग, रेफ्रिजरेटिंग और एयर कंडीशनिंग इंजीनियर्स ने अनुमान जाहिर करते हुए बताया कि इंटेलिजेंट बिल्डिंग सॉल्यूशंस के साथ हीटिंग, वेंटिलेशन, एयर कंडीशनिंग (एचवीएसी) बाजार 2028 तक भारत में 1,78,000 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। एक्सपो में संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन, यूक्रेन अमेरिका, बेल्जियम, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, सऊदी अरब, स्पेन, स्विट्जरलैंड, ताइवान और नीदरलैंड सहित 40 देशों के 500 से अधिक प्रदर्शक शामिल होंगे।

## कैलिफोर्निया में भारतीय मूल के परिवार की संदिग्ध मौत

सैन मेटो। कैलिफोर्निया के सैन मेटो में एक भारतीय मूल का परिवार संदिग्ध हालत में मृत पाया गया। मरने वालों में केरल के एक परिवार के चार शामिल हैं। इसमें पति-पत्नी और उनके दो मासूम बच्चे शामिल थे। पुलिस को हत्या-आत्महत्या का संदेह है। मौत के पीछे का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने कहा कि 13 फरवरी को कैलिफोर्निया के सैन मेटो में दो जुड़वां बच्चों सहित चार लोगों का एक भारतीय-अमेरिकी परिवार अपने आवास के अंदर मृत पाए गए हैं।

एक बयान में सैन मेटो पुलिस विभाग ने कहा कि पीड़ितों में से दो को गोली लगी है, जबकि अन्य दो की मौत का कारण अभी तक अज्ञात है। पीड़ितों की पहचान आनंद सुजीत हेनरी (42), उनकी पत्नी एलिस प्रियंका (40) और उनके दो जुड़वां बच्चों के रूप में की गई है। सैन मेटो पुलिस ने जानकारी देते हुए कहा कि ÷दुख की बात है कि दोनों बच्चे अपने रूम के अंदर मृत पाए गए। उनकी मौत के कारणों की अभी भी जांच चल रही है। बाथरूम के अंदर बंदूक की गोली लगने से दोनों पति-पत्नी की मौत हुई। सैन मेटो पुलिस ने कहा, बाथरूम में एक भरी हुई 9 मिमी पिस्तौल और एक मैगजीन भी मिली। जबकि शुरुआती संदेह कार्बन मोनोऑक्साइड लीक होने की ओर इशारा कर रहा था। लेकिन अबतक अधिकारियों को घर में गैस रिसाव या दोषपूर्ण उपकरणों का कोई सबूत नहीं मिला है।

## डॉलर के मुकाबले 5 पैसे की बढ़त

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार शुरुआती गिरावट के बावजूद हरे निशान पर बंद होने में सफल रहा। बुधवार को सेंसेक्स 277.98 (0.38त्न) अंकों की बढ़त के साथ 71,833.17 के स्तर पर जबकि निफ्टी 96.80 (0.45त्न) अंकों की मजबूती के साथ 21,840.05 के लेवल पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स में दिन के निचले स्तरों से 1000 से अधिक अंकों की बढ़त दर्ज की गई। अमेरिका में अपेक्षा से अधिक महंगाई के आंकड़ों के बाद घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को शुरुआती कारोबार के दौरान बड़ी बिकवाली दिखी थी। बुधवार के कारोबारी सेशन के दौरान रुपया डॉलर के मुकाबले 5 पैसे की बढ़त के साथ 83.03 (अस्थाई) के भाव पर पहुंच गया। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन सेंसेक्स के 30 शेयरों का हाल निफ्टी के टॉप गेनर्स और टॉप लूजर्स शेयर एसबीआई के शेयरों में पांच प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई बुधवार के कारोबारी सेशन के दौरान स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शेयरों में पांच प्रतिशत तक की बढ़त दर्ज की गई। अन्य पीएसयू बैंकों के शेयरों में भी खरीदारी दिखी। इससे बाजार को निचले स्तरों से छलांग मारने में सफलता मिली। व्यापक बाजार की बात करें तो निफ्टी मिडकैप100 और निफ्टी स्मॉलकैप100 में एक-एक प्रतिशत मजबूत हुआ। बाजार में उतार-चढ़ाव को मापने वाला इंडिया वीआईएक्स इंडेक्स 2 प्रतिशत फिसलकर 16 से नीचे पहुंच गया।

# आईपीएल के 17वें सीजन का आयोजन भारत में होगा

**नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन का आयोजन भारत में ही होना जा रहा है. आईपीएल चेयरमैन की ओर से इस बात की पुष्टि की गई है. इससे पहले लोकसभा चुनाव की वजह से आईपीएल का 17वां सीजन यूएई या फिर दक्षिण अफ्रीका में शिफ्ट होने के कयास लगाए जा रहे थे।**

. लेकिन अब इन कयासों पर विराम लग गया है. इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन का फाइनल मुकाबला 26 मई को खेला जा सकता है. हालांकि फाइनल की तारीख अभी तय नहीं है. लेकिन टी20 वर्ल्ड कप शुरू होने से पहले बीसीसीआई टीम इंडिया के खिलाड़ियों को 8 से 10 दिन का वक्त देना चाहती है.

न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल ने 17वें सीजन का आयोजन भारत में होने का दावा किया. अरुण धूमल ने कहा, आईपीएल का



**26 मई को खेला जाएगा फाइनल**

17वां सीजन भारत में ही खेला जाएगा. बीसीसीआई जल्द ही आईपीएल के 17वें सीजन की तारीखों का एलान करने वाला है. हमें लोकसभा चुनाव की तारीखों का इंतजार है. जैसे ही लोकसभा चुनाव की घोषणा होगी उसके बाद हम आईपीएल के 17वें सीजन का शेड्यूल जारी कर देंगे. विदेश में शिफ्ट नहीं होगा टूर्नामेंट न्यूज एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक 26 मई तक आईपीएल के 17वें सीजन का फाइनल मैच खेला जा सकता है. चूंकि टी20 वर्ल्ड कप का आगाज 5 जून से होने जा रहा है इसलिए बीसीसीआई खिलाड़ियों को तैयारी के लिए 8 से 10 दिन का वक्त दे सकती है.

हालांकि अभी तक इस बारे में आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है. इससे पहले लोकसभा चुनाव की वजह से आईपीएल का 17वां सीजन भारत की बजाए विदेश में शिफ्ट होने के कयास लगाए जा रहे थे. 2009 में लोकसभा चुनाव के दौरान आईपीएल के दूसरे सीजन का आयोजन दक्षिण अफ्रीका में हुआ था. 2014 में भी लोकसभा चुनाव के चलते आईपीएल के पहले हाफ को यूएई में शिफ्ट किया गया था. लेकिन इस बार बीसीसीआई लोकसभा चुनाव के बीच भारत में ही आईपीएल के 17वें सीजन का आयोजन करवाएगी.

# दुबई में पहले हिन्दू मंदिर को बनाने में विश्व के कई प्रमुख धर्मों ने किया सहयोग



नई दिल्ली। दुबई में पहले हिन्दू मंदिर का निर्माण अपने आप में खास है.

लेकिन इससे खास बात यह है कि मंदिर के निर्माण में विश्व के कई प्रमुख दूसरे धर्मों के लोगों ने सहयोग किया गया है. इस तरह यह मंदिर न केवल हिन्दू धर्म का प्रतीक है, बल्कि विश्व के अलग-अलग धर्मों की आपसी सद्भावना और सहयोग का द्योतक भी है. बीएपीएस हिंदू मंदिर पत्थरों से बना मिडिल-ईस्ट का पहला पारंपरिक हिंदू मंदिर है. अबू मुरीखाह जिले में स्थित यह शानदार संरचना भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच स्थायी दोस्ती का प्रमाण है. 2015 में, अबू धाबी के क्राउन प्रिंस और संयुक्त अरब अमीरात सशस्त्र बलों के उप सर्वोच्च कमांडर शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने मंदिर के निर्माण के लिए 13.5 एकड़ जमीन दान की थी. यूएई सरकार ने जनवरी 2019 में 13.5 एकड़ अतिरिक्त भूमि आवंटित की , जिससे मंदिर के लिए कुल 27 एकड़ भूमि उपहार में दी गई. इस तरह मंदिर की जमीन मुस्लिमों द्वारा दी गयी.

# पीकेएल 10 : पटना पाइरेट्स ने तेलुगू टाइटंस को हराकर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया

कोलकाता । यहां के नेताजी इंडोर स्टेडियम में पटना पाइरेट्स ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के सीजन 10 के प्लेऑफ चरण के लिए क्वालीफाई करने वाली पांचवीं टीम बनने के लिए शानदार वापसी करते हुए तेलुगू टाइटंस पर 38-36 से जीत हासिल की।



मंजीत ने आठ अंकों के साथ पटना पाइरेट्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया, जबकि तेलुगू टाइटंस के कप्तान पवन सहरावत का 16 अंकों का शानदार प्रदर्शन व्यर्थ चला गया।

पटना पाइरेट्स सात मैचों की अजेय लय के साथ खेल में आने वाली इन-फॉर्म टीम थी, लेकिन तेलुगू टाइटंस ने उन्हें करारा झटका दिया। पवन ने आक्रमण शुरू कर दिया, उन्होंने लगातार दो मल्टी-प्वाइंट रेड लगाए और पटना पाइरेट्स के कुछ खराब बचाव के कारण तेलुगू टाइटंस ने चार मिनट के भीतर ऑल-आउट कर दिया।

तेलुगू टाइटंस के पास 10-3 की अप्रत्याशित बढ़त थी, जो और बढ़ गई, क्योंकि पटना पाइरेट्स का डिफेंस क्लिक करने में विफल रहा। पवन ने हरे रंग की पोशाक में खिलाड़ियों के चारों ओर चक्कर लगाया और 15वें मिनट में अपना सुपर 10 पूरा किया, जिस समय स्कोरकार्ड तेलुगू टाइटंस के पक्ष में 20-12 था।

हाफ के अंतिम पांच मिनट में पटना पाइरेट्स ने अपनी बढ़त बढ़ा ली, क्योंकि संदीप कुमार ने कुछ महत्वपूर्ण रेड की और पवन पर कृष्ण ढुल के मजबूत टैकल से तेलुगू टाइटंस सिर्फ 2 खिलाड़ियों पर सिमट गई।

इसके बाद पटना पाइरेट्स के कप्तान सचिन ने मिलाद जब्बारी और परवेश भैंसवाल की रक्षात्मक जोड़ी को आसानी से हराकर ऑल आउट हासिल कर लिया और अपनी टीम के घाटे को 22-20 पर केवल 2 अंक तक कम कर दिया। 23वें मिनट में खेल में पहली बार पटना पाइरेट्स ने बढ़त ले ली और सचिन ने जल्द ही प्रतिद्वंद्वी को सिर्फ एक डिफेंडर तक सीमित कर दिया, लेकिन ओंकार पाटिल ने बेंच से उतरकर शानदार सुपर रेड छीनी और तेलुगू टाइटंस को ऑल के चंगुल से बचा लिया।

# पाकिस्तान में गठबंधन सरकार बनने की संभावना

**इस्लामाबाद। पाकिस्तान में शहबाज शरीफ की अगुवाई में प्रमुख राजनीतिक दलों के गठबंधन के अगली सरकार बनाने के लिए आसानी से बहुमत के आंकड़े को पार करने की संभावना के साथ उनका देश का नया प्रधानमंत्री बनना लगभग तय माना जा रहा है। इसके साथ ही चुनाव में मिले खंडित जनादेश के बाद सरकार के भविष्य को लेकर लगायी जा रही अटकलें खत्म हो जाएंगी।**



एक आश्चर्यजनक कदम में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने मंगलवार रात पार्टी सुप्रीमो और तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के बजाय शहबाज को प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में नामित किया।शहबाज शरीफ ने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के आसिफ अली जरदारी, मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) के खालिद मकबूल सिद्दीकी ने मंगलवार रात को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-कैद (पीएमएल-क्यू) के शुजात हुसैन के आवास पर मुलाकात की और सरकार गठन पर सहमति जतायी। पीएमएल-एन की सूचना सचिव मरियम औरंगजेब ने कहा कि पार्टी सुप्रीमो नवाज शरीफ ने देश के प्रधानमंत्री पद के लिए पार्टी अध्यक्ष और अपने छोटे भाई शहबाज शरीफ (72) को नामांकित किया है। उन्होंने बताया कि पीएमएल-एन की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मरियम नवाज को पंजाब के मुख्यमंत्री पद के लिए नामांकित किया गया है।

उन्होंने कहा, ''नवाज शरीफ ने उन राजनीतिक दलों का आभार जताया है जिन्होंने आगामी सरकार बनाने में पीएमएल-एन का समर्थन किया है और उन्होंने उम्मीद जतायी कि ऐसे फैसलों से पाकिस्तान संकट से बाहर आ जाएगा।''

अप्रैल 2022 में इमरान खान के नेतृत्व वाली सरकार को सत्ता से बेदखल करने के बाद प्रधानमंत्री बने शहबाज ने कहा कि अन्य दलों ने पीएमएल-एन से हाथ मिला लिया है जिसके पास चुनाव के बाद संसद में ''तकरीबन दो तिहाई बहुमत'' है। उन्होंने यह भी कहा कि नयी सरकार देश को मुसीबत से बाहर निकाल लाएगी। पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग के अनुसार, छह दलों -पीएमएल-एन, पीपीपी, एमक्यूएम-पी, पीएमएल-क्यू, आईपीपी (इस्तेकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी) और बलूचिस्तान आवामी पार्टी (बीएपी) द्वारा जीती गयी।

# दिल्ली के अर्जुन प्रसाद ने शुरुआती दौर में 62 के कार्ड से बढ़त बनायी



**कोलकाता । दिल्ली के अर्जुन प्रसाद ने यहां टॉलीगंज क्लब में खेली जा रही सीजन की पहली प्रतियोगिता, 1 करोड़ रुपये की पीजीटीआई प्लेयर्स चैंपियनशिप 2024 में शुरुआती दौर में आठ अंडर 62 का असाधारण स्कोर बनाकर बढ़त हासिल कर लिया।**

दिल्ली के एक अन्य गोल्फर गत चैंपियन सचिन बैसोया (63) एक शॉट पीछे दूसरे स्थान पर है। 64 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे चार खिलाड़ियों में चेक गणराज्य के नौसिखिए स्टीफन डेनेक के साथ-साथ उदयन माने, करण प्रताप सिंह और स्थानीय खिलाड़ी मोहम्मद संजू शामिल हैं। अर्जुन प्रसाद, जो सोमवार को 25 साल के हो गए, ने यह सुनिश्चित किया कि वह मंगलवार को गोल्फ के एक धमाकेदार राउंड के साथ अपना जन्मदिन शानदार तरीके से मनाएं, जिसमें दो ईगल, पांच बर्डी और एक बोगी शामिल थी।

# एआईयू ने भारतीय हैमर-थ्रोअर के.एम. रचना को स्टेरॉयड के इस्तेमाल के कारण 12 साल के लिए निलंबित

लॉज़ेन । विश्व एथलेटिक्स की एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) ने स्टेरॉयड/प्रतिबंधित पदार्थों के कॉकटेल की सेवन की जांच में पॉजिटिव पाए जाने पर भारत की के.एम रचना पर 12 साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। 30 वर्षीय भारतीय हैमर थ्रोअर को एआईयू और भारत के राष्ट्रीय डोपिंग रोधी प्राधिकरण (एनएडीए) द्वारा किए गए परीक्षणों में प्रतिबंधित पदार्थों स्टैनोज़ोलोल, मेथेनडिएनोन, डीएचसीएमटी और क्लेनब्यूटेरोल की उपस्थिति/उपयोग के लिए दंडित किया गया है।



विश्व एथलेटिक्स के डोपिंग रोधी स्वतंत्र निकाय, एआईयू ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि रचना का निलंबन 24 नवंबर, 2023 से 23 नवंबर, 2035 तक कायम रहेगा।

रचना का यह दूसरा डोपिंग रोधी नियम का उल्लंघन है। इससे पहले 10 फरवरी, 2015 को एकत्र किए गए नमूने में मेटेनोलोन मिलने पर उन्हें चार साल के लिए 18 मार्च, 2015 से 17 मार्च, 2019 तक अयोग्य घोषित किया गया था।

रचना ने 24 सितंबर, 2023 को पटियाला में दो गैर-प्रतिस्पर्धा परीक्षणों के दौरान दो नमूने दिए थे। उन्होंने नाडा इंडिया द्वारा आयोजित परीक्षणों में 37वें राष्ट्रीय खेल गोवा में एक प्रतियोगिता से पहले भी नमूना दिया था।

# एफआईएच प्रो लीग : नीदरलैंड के पुरुष स्पेन पर हावी, साहसी आयरलैंड ने ऑस्ट्रेलिया के सामने घुटने टेके



भुवनेश्वर । यहां के कलिंगा स्टेडियम में एफआईएच हॉकी प्रो लीग में जिप जानसेन ने दो और गोल किए और इवेंट के शीर्ष स्कोरर के रूप में अपनी बढ़त बना ली। इस महत्वपूर्ण मैच में नीदरलैंड ने यूरोपीय प्रतिद्वंद्वी स्पेन को हरा दिया।

कुछ दिन पहले मेजबान भारत से शूट-आउट में हार के बाद डच जीत की राह पर लौट आए और उन्होंने जोरदार प्रदर्शन करते हुए स्पेन को 3-0 से हरा दिया। इससे पहले दिन के पहले मैच में आयरलैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने मुकाबले की शुरुआत में बहादुरी भरी लड़ाई लड़ी, लेकिन ओलंपिक रजत पदक विजेताओं को 5-0 से जीत से नहीं रोक सका। जिप जानसेन ने गोल स्कोररों की सूची में शीर्ष पर अपनी बढ़त बढ़ाते हुए अपनी संख्या में इजाफा किया। पहले क्वार्टर में दोनों टीमों ने आधे-अधूरे मौके बनाए, लेकिन वह जानसेन ही थे जिन्होंने 15वें मिनट में एक अजेय लो ड्रैग फ्लिक के साथ डचों के लिए स्कोरिंग की शुरुआत की। रेड स्टिक्स ने दूसरे क्वार्टर में उच्च-ऊर्जा शुरुआत में कुछ उत्कृष्ट अवसर दिए, लेकिन नीदरलैंड ने उस दबाव को झेला और फिर 26 वें मिनट में जोरदार जवाबी हमला किया।

# शेष प्रथम पृष्ठ का

*0 'हम वार्ता को तैयार तो आंसू गैस-रबड़ बुलेट क्यों.....*

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने बुधवार को कहा कि किसान केंद्र सरकार की जिद है और उसके अड़ियल रवैये के कारण एक फिर से आंदोलन कर रहे है क्योंकि वह उनकी समस्याओं का समाधान नहीं कर रही है. उन्होंने कहा कि ''कांग्रेस पार्टी ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ में घोषणा की कि हमारी सरकार बनने पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को एक कानूनी प्रावधान बनायेंगे.

किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च को रोकने के लिए पुलिस की तरफ से दिल्ली के सभी बॉर्डर पर सुरक्षा कड़ी कर दी गयी है. दिल्ली के सिंघू बॉर्डर पर प्रशासन की तरफ से LRAD (Long-range acoustic device) डिवाइस लगाया गया है. ये ऐसी आवाज पैदा करता है जो भीड़ में एक तरह की बेचैनी पैदा करता है. इससे लोगों की सुनने की क्षमता भी जा सकती है. इस मशीन की आवाज से किसान बहरा हो सकते हैं.

*0 छत्तीसगढ़ में राजीव युवा मितान क्लब भंग...*

लोगों को ही प्लेसमेंट एजेंसियों के जरिए शामिल किया जाएगा।

**वित्तमंत्री बोले- शराबबंदी का कोई वादा नहीं**

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि, पिछली सरकार ने जन घोषणा पत्र में शराबबंदी का वादा किया था। हाथ में गंगाजल हाथ लेकर कहा था कि शराबबंदी होगी, लेकिन हमने ऐसा कोई वादा नहीं किया था। हालांकि अवैध दारू बिक्री पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि, हमने कभी गंगाजल हाथ में लेकर शराब बंदी का कोई वादा किया ही नहीं था।

**द्वारिकाधीश बोले- बीजेपी सरकार में गो तस्करों के हौसले बुलंद**

कांग्रेस विधायकों ने सदन में रायपुर की गो तस्करी का मामला सदन में उठाया। विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि बीजेपी सरकार बनते ही गो तस्करों के हौसले बुलंद हो गए हैं। राजधानी की सड़कों पर कंटेनर में गोमाता मिली हैं, 1300 गायों की मौत भी हुई है।

द्वारिकाधीश ने कहा कि सरकार गो तस्करों पर कार्रवाई के लिए तैयार नहीं है। बीजेपी सरकार के तीन महीने में ही गो तस्कर तमिलनाडु से छत्तीसगढ़ में प्रवेश कर चुके हैं। गो माता की हत्या हो रही है और सरकार चुप्पी साधे बैठी है। सरकार गो माता की रक्षा नहीं कर पा रही है।

**सदन में गूंजा जल जीवन मिशन का मुद्दा**

छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान जल जीवन मिशन का मुद्दा गूंजा। इस दौरान बीजेपी विधायक गोमती साय ने जशपुर में योजना पर सवाल पूछा। साथ ही गड़बड़ियों पर कमेटी बनाकर जांच कराने की मांग की। जशपुर में अभियंता के रिक्त पदों को लेकर भी सवाल पूछे।

**कमेटी बनाकर जांच कराने की आवश्यकता नहीं**

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि विभाग पूरी गंभीरता से काम कर रहा है। अभी कमेटी बनाकर जांच कराने की आवश्यकता नहीं है। अभियंताओं की भर्ती की प्रक्रिया भी की जा रही है। पिछली सरकार में जल जीवन मिशन की क्या स्थिति थी सब जानते हैं। नई सरकार तेजी से इस योजना में काम कर रही है। योजना के तहत 77 फीसदी काम पूरे कर लिए गए हैं।

*0 कांग्रेस ने अजय माकन सहित छह लोगों को...*

तेलंगाना से श्रीमती रेणुका चौधरी और एम अनिल कुमार यादव को राज्यसभा का टिकट दिया है।

पार्टी ने इससे पहले आज चार और लोगों को राज्यसभा उम्मीदवार बनाया जिनमें पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को राजस्थान से तथा अखिलेश प्रसाद सिंह को बिहार, अभिषेक मनु सिंघवी को हिमाचल प्रदेश तथा चंद्रकांत हंडोरे को महाराष्ट्र से उम्मीदवार बनाया है।

*0 'रात के अंधेरे में हुई जनादेश की चोरी', इमरान....*

किसी भी चुनाव में इतने बड़े स्तर पर धांधली नहीं देखी और सुनी।

विदित हो कि आठ फरवरी को 265 सीटों पर हुए चुनाव में पीटीआई समर्थित प्रत्याशियों की 95 संसदीय सीटों पर जीत हुई है, लेकिन इनमें से दो अब पीएमएल-एन के साथ जा चुके हैं।

पाकिस्तान के चुनाव आयोग के सूत्रों के अनुसार, कुछ प्रक्रियाओं के बाद 22 फरवरी को नेशनल असेंबली के सदस्यों के निर्वाचन की अधिसूचना जारी होगी। इसके बाद अगले तीन दिनों तक निर्दलीय सदस्य किसी भी दल में शामिल हो सकेंगे। इससे उस दल को 70 आरक्षित सीटों पर अपनी पसंद के व्यक्ति को नामित करने का अधिकार मिलेगा। ये आरक्षित सीटें 60 महिलाओं और 10 अल्पसंख्यकों से भरी जाएंगी। सरकार के विश्वास मत में ये नामित सदस्य भी मतदान करेंगे। नई संसद का पहला सत्र मतदान की तारीख के बाद तीन सप्ताह के भीतर अर्थात 29 फरवरी तक बुलाना अनिवार्य है।

**मौलाना फजलुर रहमान ने भी कहा- धांधली हुई**

कट्टरपंथी मौलाना फजलुर रहमान की पार्टी जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम फजल ने कहा है कि आठ फरवरी के चुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली हुई है। इसलिए वह धांधली का फायदा लेकर सरकार बनाने वाले गठबंधन में शामिल नहीं होगी और विपक्ष में बैठेगी। जमीयत ने चुनाव में नेशनल असेंबली की चार सीटें जीती हैं। मौलाना रहमान ने कहा है कि वह इन चुनाव परिणामों को अस्वीकार करते हैं। वैसे रहमान की पार्टी ने बलूचिस्तान की 51 सदस्यों वाली विधानसभा चुनाव में 11 सीटें और सिंध विधानसभा में दो सीटें जीती हैं।

*0 विधानसभा में वित्तमंत्री चौधरी ने कहा, साय सरकार......*

चिरौंजी के बदले आदिवासी नमक लेते थे। भाजपा शासनकाल के दौरान नमक देने की योजना लाई गई थी। वित्तमंत्री ने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार में ये पहली बार हुआ है कि प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है।

**चर्चा के बीच विपक्ष ने दागे सवाल**

राज्य के बजट का विरोध करते हुए कांग्रेस विधायक अनिला भेंड़िया ने कहा कि राज्य के बजट में मध्य क्षेत्र की उपेक्षा की गई है। बाढ़ आपदा के लिए बजट कम हो गया है। अस्थायी कर्मचारियों को नियमित करने की कोई घोषणा नहीं की गई है। वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि उन्होंने कहा कि किसी को फंड की चिंता नहीं करनी चाहिए। विष्णुदेव साय सरकार गारंटी की सरकार है, जो सभी गारंटी पूरी करेगी। कांग्रेस विधायक चातुरी नंद ने पुलिस जवानों का वेतन भत्ता बढ़ाए जाने की मांग की।

कांग्रेस विधायक शेषराज हरबंश ने कहा कि पलायन रोकने के लिए सरकार को ध्यान देना चाहिए।

# नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल का जिले में नशामुक्ति की दिशा में अभिनव प्रयास



- 0 जिले के समस्त मेडिकल संचालकों की ली गई बैठक
- 0 खाद्य एवं औषधी विभाग के अधिकारी भी हुए शामिल
- 0 मेडिकल संचालकों को शपथ लेकर नशा मुक्ति का दिलाया गया संकल्प
- 0 सूचना देने वाले का नाम रखा जाएगा गोपनीय

खैरागढ़ (दावा)। शासन के मंशानुरूप नशा के रूप में मेडिकल दवाईयों के इस्तेमाल को पूरी तरह रोकने हेतु जिले के पुलिस कप्तान त्रिलोक बंसल (आईपीएस) के निर्देशन में एवं अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पाण्डेय के मार्गदर्शन में जिले में बढ़ते नशा को रोकने हेतु जिले के पुलिस थाना खैरागढ़, छुईखदान, ठेलकाडीह, गातापार, गंडई, साल्हेवारा, मोहगांव, बकरकट्टा क्षेत्र के मेडिकल संचालकों का सामुहिक बैठक लिया गया जिसमें करीब 105 मेडिकल संचालक उपस्थित हुए। इस अवसर पुलिस अधीक्षक ने सभी मेडिकल एसोशिएशन के पदाधिकारियों एवं संचालकों से चर्चा करते हुए दवाईयों को नशे के इस्तेमाल के विरोध में जो अभियान चल रहा है उसका पूरा समर्थन करने साथ ही शासन की इस महत्वपूर्ण योजना के अधिकृत चिकित्सक की पर्ची पर ही दवाई जिनका नशे के रूप में दुरूपयोग संभव है, का विक्रय करने एवं उक्त दवाओं के रिकार्ड का संधारण नियमानुसार करने का समझाईश दिया एवं ऐसे संदिग्ध बच्चें या कोई भी व्यक्ति मेडिकल संचालक की जानकारी में आयेंगे तो पुलिस विभाग को सूचित करके अपने दायित्व का निर्वहन करने बताया।

मेडिकल संचालको की अवैध गतिविधियों में संलिप्तता पाये जाने पर एनडीपीएस के तहत अपराध पंजीबध्द करने, एनडीपीएस के कड़े प्रावधानों के संबंध में, दोषमुक्ति के प्रकरणों में विवेचकों की त्रुटि पर कार्यवाही करने, लागतार सजग रहने समझाईश दिया गया। बैठक के दौरान अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पाण्डेय द्वारा भी मेडिकल संचालकों को समझाईश देते हुए बताया गया है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों में संलिप्तता पाये जाने पर विधिवत कार्यवाही की जाएगी।

वर्तमान परिवेश में स्कूल कॉलेजों के बच्चे नशा के शिकार होते जा रहे है। मेडिकल संचालकों को सजग रहने एवं सभी के सहयोग की अपेक्षा की जा रही है। सहायक औषधी नियंत्रक संजय सिंह झाडेकर एवं औषधी निरीक्षक प्रियंका ध्रुव ने संयुक्त रूप से एनडीपीएस के प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए मेडिकल संचालकों की संलिप्तता पाये जाने पर लायसेंस निलंबन की कार्यवाही के संबंध में बताया।

उक्त संदर्भ में मेडिकल संचालकों को शपथ दिलाया गया एवं कंधा से कंधा मिलाकर सहयोग करने का पुलिस अधीक्षक ने मेडिकल संचालकों से अपील की। इस अवसर पर मेडिकल संचालकों को नशामुक्ति के क्षेत्र में सुझाव मांगे गए जिसमें मेडिकल संचालकों के द्वारा सूचना देने पर सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखे जाने एवं नशामुक्ति का अभियान को गांव-गांव में भी प्रचार-प्रसार करने का सुझाव दिया गया। साथ प्रायवेट नर्सिंग होम आदि पर भी विधि अनुरूप नियंत्रण कर आवश्यक कार्यवाही किया जायें, प्रायवेट अस्पताल की विधि अनुरूप पर्ची में दवाओं को लेख किया जाना सुनिश्चित किया जावें। इस दौरान पुलिस कप्तान त्रिलोक बंसल द्वारा सभी सुझावों पर कार्यवाही करने एवं भविष्य में नशामुक्त एवं भयमुक्त समाज की परिकल्पना को साकार किये जाने, समय-समय पर इस प्रकार आयोजन करते रहने का आश्वासन दिया गया एवं किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों की पता चलने पर सूचित करने हेतु कंट्रोल रूम का मोबाईल नं. 9479247401 एवं थाना प्रभारियों का नंबर दिया गया। उक्त पहल से मजबूत समाज, परिवार एवं जिले की स्थापना हो सके इस हेतु यह अभियान चलाया जा रहा है। इसमें खैरागढ़ शहर एवं छुईखदान के केमिस्ट एजेसिंयों के प्रभारी एवं सदस्य एवं मेडिकल संचालक सहित कुल 105 उपस्थित हुए और सभी ने इस अभियान में सहयोग देने की इच्छा जाहिर किये। इस अवसर पर सहायक औषधी नियंत्रक संजय सिंह झाडेकर एवं औषधी निरीक्षक प्रियंका ध्रुव, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खैरागढ़ लालचंद मोहले एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खैरागढ़ प्रशांत खांडे, प्रशिक्षु उपपुलिस अधीक्षक प्रतिभा लहरे, थाना प्रभारी खैरागढ़ व पुलिस अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

# धर्मनगरी में 17 को पहुंचेगी अंबेडकर की अस्थि कलश दर्शन यात्रा




भव्य स्वागत की तैयारी में अंबेडकर अनुयाई

**डोंगरगढ़ (दावा)। नगर में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की अस्थि कलश दर्शन यात्रा 17 फरवरी को पहुंचेगी। यह अस्थि कलश दर्शन यात्रा कवर्धा से प्रारंभ होकर पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में भ्रमण करेगी। त्रिरत्न बौद्ध महासंघ छत्तीसगढ़ के द्वारा इस यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।**

बाबा साहब अंबेडकर का अस्थि कलश पुणे से छत्तीसगढ़ लाया जा रहा है। इसके बाद पूरे राज्य में भ्रमण कराया जाएगा। आदर्श बौद्ध महासभा नागसेन बुद्ध विहार ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़ के द्वारा भव्य स्वागत की तैयारी की जा रही है। अधिक से अधिक संख्या में अंबेडकर अनुयाई अस्थि कलश का दर्शन लाभ ले सके, इसका प्रयास ट्रस्ट समिति द्वारा किया जा रहा है।

# सिंघोला के मजदूर वर्ग ने पीएम योजना का लाभ दिलाने के लिए ज्ञापन सौंपा

कलेक्टर से पेयजल एवं रास्ता पक्का बनाकर दिए जाने की मांग



राजनांदगांव (दावा)। सिंघोला ग्राम निवासी मजदूर वर्ग के लोगों ने जनदर्शन में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उन्हें स्थाई रूप से पर्चा-पट्टा देने सहित प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने व बस्ती में पेयजल सुविधा सहित बस्तीवासियों के आवागमन के लिए पक्का रास्ता बनाकर देने की मांग की है।

सिंघोला नया पारा वार्ड नं. 2 के निवासी कन्हैयालाल गौतम, सीमा बाई, आरती साहू, भीखम साहू, मनीषा यादव, रामसिंग, कौशिल्या बाई, रमेश, रितु बाई आदि बड़ी संख्या में मजदूर वर्ग के लोगों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि उनके पास स्वयं की कोई जमीन व मकान नहीं है।

इसके कारण विगत 15 सालों से झुग्गी-झोपड़ी में निवास कर रहे है। सभी भूमिहीन कृषि मजदूर है। ज्ञापन कर्ताओं का कहना है कि वे सभी जहां पर निवासरत है उसे पंचायत ने आबादी घोषित नहीं किया है। और न परचा पट्टा है। इस वजह से उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा। बस्ती वासियों ने पेयजल सुविधा व पक्के रास्ते की भी मांग की है।

# महतारी वंदन योजना अंतर्गत सभी पात्र महिलाओं का आवेदन भराना सुनिश्चित करें- कलेक्टर इन्द्रजीत



समय-सीमा की बैठक में दिए अधिकारियों को निर्देश

बालोद (दावा)। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने महतारी वंदन योजना के अंतर्गत बालोद जिले के सभी पात्र महिलाओं का आवेदन भराने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। श्री चन्द्रवाल ने कहा कि महतारी वंदन योजना राज्य सरकार का महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने हेतु अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना है। इसलिए इस योजना का लाभ लेने से जिले के कोई भी पात्र विवाहित महिला वंचित नहीं होना चाहिए। बैठक में श्री चन्द्रवाल ने इस योजना के अंतर्गत जिले के सभी ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों में अब तक भराए गए फॉर्म आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक एवं राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। श्री चन्द्रवाल ने राशन कार्डों के नवीनीकरण के कार्य की समीक्षा करते हुए नवीनीकरण हेतु शेष रह गए राशन कार्डों का शीघ्र नवीनीकरण कराने के निर्देश भी दिए। समय-सीमा की बैठक में आज कलेक्टर श्री चन्द्रवाल के निर्देशानुसार कृषि विभाग के उप संचालक जी.एस.धुर्वे एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग विपिन जैन के द्वारा विभागीय योजनाओं को हासिल करने के लिए उनके विभाग के द्वारा निर्धारित किए गए लक्ष्य एवं उपलब्धि के संबंध में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गई।

कृषि विभाग के योजनाओं के संबंध में जानकारी देते हुए कृषि विभाग के उप संचालक द्वारा कृषि विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, खाद्य सुरक्षा मिशन, दलहन एवं तिलहन योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना सहित कृषि विभाग के अन्य योजनाओं हासिल करने के लिए उनके विभाग के द्वारा निर्धारित किए गए लक्ष्य एवं उपलब्धि के संबंध में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गई।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये वार्डो में शिविर जारी

राजनांदगांव (दावा)। नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रतिमाह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है।

इसी कड़ी में हितग्राहियों को माह दिसम्बर 2023 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 25 जनवरी से 21 फरवरी तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 15 फरवरी को महावीर वार्ड नं. 37 के लिये गंज पारा स्कूल में, दिग्विजय वार्ड नं. 38 के लिये पार्षद कार्यालय ब्राम्हण पारा में व हीरामोती वार्ड नं 39 के लिये सार्वजनिक भवन नागेश्वर मंदिर में, 16 फरवरी को रविदास वार्ड नं. 20 के लिये पेण्ड्री स्कूल मे, मेडिकल कालेज वार्ड नं. 21 के लिये आंगनबाडी केन्द्र पेण्ड्री में व रेवाडीह आशा नगर वार्ड नं. 22 के लिये रेवाडीह स्कूल में एवं गुरू गोविंद सिंह वार्ड नं. 24 के लिये सिंधु भवन लालबाग में, शीतला माता वार्ड नं. 25 के लिये पुत्रीशाला में व सूर्यमुखी वार्ड नं. 26 के लिये पार्षद कार्यालय सत्यनारायण धर्मशाला के बाजू में शिविर का आयोजन किया गया है। निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह दिसम्बर 2023 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

# सुरगी में 18 को भव्य गीता जयंती समारोह



- ० भव्य कलश यात्रा व राउत नाचा की रहेगी धूम
- ० कोसरिया समाज के सामाजिक सम्मेलन में जुटेंगे जिले भर के यादव बंधु

राजनांदगांव (दावा)। निकटस्थ ग्राम सुरगी में सिंगदई सर्किल कोसरिया यादव समाज द्वारा 18 फरवरी रविवार को गीता जयंती कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाए जाने का आयोजन किया गया है। इस भव्य आयोजन में जिले भर के बड़ी संख्या में भगवान श्री कृष्ण के वंशज यादव बंधु जुटेंगे। इस दिन सुबह ग्राम सुरगी के पवित्र कार्यक्रम स्थल में यादवों के आराध्य देव भगवान श्री कृष्ण की पूजा-अर्चना के बाद धूमधाम से राउत नाचा के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा का बाजे गाजे के साथ ग्राम भ्रमण होगा।

समाज के अध्यक्ष विशारद यादव व उपाध्यक्ष पवन यादव पहुना ने बताया कि दो सत्रों में आयोजित इस गरिमामय आयोजन के मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक व, पूर्व मुख्यमंत्री तथा छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह होंगे। इसके अलावा विशेष तौर पर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव अभिषेक सिंह, विधायक दलेश्वर साहु, महापौर श्रीमती हेमा देशमुख पूर्व गौ- सेवा आयोग के मन्ना यादव, किसान नेता कोमल सिंह राजपूत, कुलबीर सिंह छाबड़ा आदि सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहेंगे।

ग्रामीण कवि व समाज के उपाध्यक्ष- पवन यादव पहुना ने बताया कि कार्यक्रम के प्रथम सत्र में आगत अतिथियों का प्रेरणास्पद उद्बोधन पश्चात उनके कर- कमलों द्वारा समाज के मेधावी छात्र- छात्राएं, समाज में विशिष्ट योगदान देने वाले बुजुर्ग एवं लोककला/ साहित्य से जुड़े कला- साहित्य धर्मियों का स्वागत सम्मान किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि दिन भर व देर रात तक चलने वाले इस गरिमामय आयोजन में लोगों के मनोरंजनार्थ रात्रि में रंगारंग लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सिंगदई सर्किल कोसरिया समाज के सचिव थनवार यादव ने जिले भर के समस्त यादव बंधुओं को उक्त गरिमामय कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता में अमीर सिद्दकी बने विजेता



**डोंगरगढ़ (दावा)। दिनांक 09 फरवरी को रेलवे इंस्टीट्यूट शाखा डोगरगढ़ द्वारा आयोजित रेलवे विभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का फायनल मैच खेला गया। जिसमे आई ओ डब्लू डोंगरगढ़ के जेई अमीर सिद्दकी ने एकल में कब्जा किया। इन्हें प्रथम पुरुस्कार श्रमिक यूनीयन डोंगरगढ़ की ओर प्रदान किया गया।**

प्रतियोगिता के डबल मुकाबले में आशुतोष कुमार सिंह व एम गुरचरन ने विजय हासिल की। डबल का पुरुस्कार रेलवे इंस्टीटुट डोगरगढ़ के द्वारा ट्रॉफी दिया गया एवं सांत्वना पुरुस्कार पुनेत राम गनबेर के द्वारा दिया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि डी एकेश राव वार्ड नंबर 4 के पार्षद से पुरुस्कार वितरण कराया गया। इस बैडमिंटन प्रतियोगिता को सफल बनाने मे रेलवे इंस्टीटुट के सचिव एस वेंकट स्वामी (चिन्नी) की अहम भूमिका रही। प्रतियोगिता के दौरान अंजय कुमार निगम, रामरतन यादव, बी के तिवारी, तेजूराव, संजय यादव, अजीत यादव, सुनील कुमार सुमन, महेंद्र कुमार, वेंकट सत्यनारायण (पास क्लर्क) एवं समस्त रेल कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रोमांच व उत्साह के साथ संपन्न हुआ एमएससी प्रशिक्षण



राजनादगांव (दावा)। 12 फरवरी को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पारीखुर्द संकुल भरेंगांव में शाला प्रबंधन समिति सदस्यों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण का शुभारंभ विधिवत मां शारदा की पूजा अर्चना से किया गया। प्रशिक्षण में लघु वीडियो के द्वारा एमएससी के महत्व व उसके दायित्वों के बारे में उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया गया, सभी सदस्यों को एमएससी के संदर्भ में अपने-अपने विचार प्रस्तुत करने को भी कहा गया। प्रशिक्षण को उत्साहपूर्ण व रोमांचक बनाए रखने के लिए खेल जैसे रिंग गेम, बलून गेम, सुरुली कुर्सी का आयोजन किया गया था। जिसमें सभी सदस्य ने उसे उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन खेलों में विजेता सदस्यों को पुरस्कृत भी किया गया।

प्रशिक्षण के अन्तर्गत सभी सदस्यों व शिक्षकीय स्टॉफ ने एक साथ बैठकर स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया व साथ-ही-साथ शाला को बेहतर से बेहतरीन बनाने की चर्चा की।

प्रशिक्षण में एस.एम.सी. अध्यक्ष श्रीमती ज्योति वैष्णव, उपाध्यक्ष श्रीमती हेमपुष्पा विश्वकर्मा, सचिव एस.के.सेवता (प्रधानपाठक), कोषाध्यक्ष श्रीमती विभा सिंहमारे (शिक्षिका), पंच प्रतिनिधि श्रीमती सुनीता साहू, शिक्षाविद् ताम्रध्वज चन्द्राकर, सदस्य श्रीमती शशिप्रभा चन्द्राकर, श्रीमती पद्मा नेताम, श्रीमती मीना निषाद, श्रीमती रोशनी निषाद, श्रीमती देवकी साहू, श्रीमती रीना ठाकुर तथा शिक्षिका सुश्री पुष्पलता देवांगन व सुश्री भानेश्वरी उपस्थित रहीं।

# जैन समाज का राष्ट्र निर्माण में योगदान-सीए संतोष जैन



बिलासपुर (दावा)। श्री माधव प्रेरणा केन्द्र एवं भारतीय जैन संघटन संस्था के अनुसार संगोष्ठी के लिए 2 माह पूर्व ही बैठक लेकर संयुक्त तैयारी की गई। आयोजकों का कहना है कि जैन समाज अल्पसंख्यक होते हुए भी राष्ट्र निर्माण में अतुलनीय योगदान दिया है। राष्ट्र के हर प्रदेश शहरी क्षेत्र में ऐसे आयोजन कर संदेश पहुंचाया जाएगा। जैन समाज का योगदान संक्षेप में वक्ताओं ने रखा, प्रारंभ में आयोजक संस्था मानव संघ एवं सकल जैन समाज का परिचय दिया गया। उपस्थितजनों का कुमकुम लगाकर स्वागत किया गया। नवकार मंत्र एवं हनुमान चालीसा का सामुहिक पाठ हुआ। अतिथियों का स्वागत सम्मान, शाल, श्रीफल, मोती की माला,स्मृति चिन्ह भेंटकर किया गया कार्यक्रम का संचालन सुभाष श्री श्रीमाल एवं आभार जय कुमार जैन ने व्यक्त किया।

श्री माधव प्रेरणा केन्द्र एवं भारतीय जैन संघटन बिलासपुर द्वारा श्री सकल जैन समाज के सदस्यों एवं शहर के बुद्धिजीवी गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति मे रविवार को संगोष्ठी जिसका विषय जैन समाज का राष्ट्र निर्माण में योगदान था। आमंत्रित वक्ताओं ने अपने-अपने विचार प्रकट किये। संगोष्ठी 11 फरवरी रविवार को जैन मंदिर कांति नगर में संपन्न हुई।

### आमंत्रित वक्तागण...

इस अवसर पर आमंत्रित प्रमुख वक्ता में लेखक, विचारक एवं प्रेरकवक्त सीए संतोष जैन वडेर दुर्ग उपस्थित रहें। साथ ही आरएसएस विभाग प्रचारक गणेश जी, संघ लोक सेवा आयोग के भूतपूर्व सदस्य एवं स्थाई वंदे मातरम मित्र मंडल के स्थाई आमंत्रित सदस्य प्रदीप देशपांडे, शांतनु मुखोपाध्याय सचिव प्रेरणा केंद्र, डॉ. राजकुमार सचदेव विभाग संघ चालक आरएसएस, सुश्री सुनीता जैन, डॉ. अरिहंत जैन, वीर कुमार जैन, सनत जैन, जय कुमार जैन, सुभाष श्रीश्रीमाल, अभिनेश जैन, अमित जैन उपस्थित थे।

इस अवसर पर जैन समाज के संरक्षणगण में विमल चोपड़ा, प्रवीण जैन, सनत जैन, अध्यक्ष दीपक जैन, दैनिक अमर छत्तीसगढ़ के प्रधान संपादक डॉ सी.एल.जैन 'सोना' रायपुर, इंदर चंद जैन, संजय छाजेड़, अमरेश जैन, गोपाल वेलानी, भूपेन्द्र चंदेरिया, रोहित भांगे, महिंद्र पटेल, अरविन्द गर्ग, श्यामजी पटेल, नितेश वर्मा, प्रदीप शर्मा, दिलीप शर्मा, कमल जैन, अभिनव डाकलिया, प्रवीण कोचर सहित विभिन्न समाज के लोग उपस्थित थे।

### मुख्य वक्ता के रूप मे लेखक एवं प्रेरक वक्ता सीए संतोष जैन, दुर्ग

दिगंबर जैन मन्दिर बिलासपुर में माधव प्रेरणा केंद्र, सकल जैन समाज और भारतीय जैन संघटन बिलासपुर के द्वारा जैन समाज का राष्ट्र निर्माण मे योगदान विषय पर एक सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप मे लेखक एवं प्रेरक वक्ता सीए संतोष जैन, दुर्ग आमंत्रित किये गए थे और बिलासपुर शहर के अनेक सम्माननीय नागरिक भी वक्ता के रूप मे उपस्थित थे। सीए संतोष जैन ने तथ्य आधारित जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि आज जैनो का भारत के राष्ट्र निर्माण में आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक सभी क्षेत्रों मे महत्त्वपूर्ण योगदान है। जैन संपूर्ण जनसंख्या का मात्र 1 प्रतिशत ही है परंतु उनका कुल इन्कम टैक्स मे लगभग 24%, कुल जीडीपी मे 25%, कुल एक्सपोर्ट में 20%, डायमंड और ज्वैलरी बिजनेस में पुरे विश्व का 65% है.... एक तरफ जैन समाज के लोग भारत के आर्थिक विकास और समृधि मे योगदान दे रहे है तो दूसरी तरफ जैन समाज के 20000 साधु संत पुरे देश मे लोगो को प्रेम, आनंद और प्रसंन्ता से जीवन जीने का मंत्र देकर लोगों का आंतरिक वैभव बढ़ा रहे है।

**आरएसएस प्रचारक गणेश जी** - उन्होंने कहा भगवान महावीर स्वामी अहिंसा के पुजारी है और जैन समाज उनका इतिहास काफी लंबा चौड़ा है काफी बहुत अच्छा है। भगवान महावीर स्वामी ने जो संदेश दिया उसका पूरे विश्व में प्रचारित हो रहा है। वहीं दूसरी ओर उन्होंने कहा कि भगवान महावीर स्वामी ने जो कहा है इसका विस्तृत व्याख्या की गई। उन्होंने कहा कि महावीर स्वामी के संदेश उपदेशों को आगे करने को प्रयासरत है।

**प्रदीप देशपांडे** - छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य देशपांडे जी ने कहा कि जैन दर्शन या जैन धर्म ही ऐसा है जो भक्त से भगवान बनने का मार्ग बताता है। एक वक्त ने कहा कि अगर कोई एक ऐसा यंत्र बन जाए जो किसी के आनंद को माप सके तो दुनिया में सबसे ज्यादा आनंदित जैन साधु ही रहेंगे। जिनके पास कुछ भी नहीं है, जो सब कुछ त्याग चुके हैं, उसके बावजूद भी सबसे ज्यादा आनंद में वही रहते हैं।

**डॉ. अमित जैन** - भारतीय जैन संघटन बिलासपुर के जोन अध्यक्ष एवं जैन सभा बिलासपुर के सचिव डॉ अमित जैन ने बीजीएस एवं जैन समाज द्वारा दो वर्षो में किए गए समाज सेवा के कार्यो का विवरण प्रस्तुत किया। सुश्री सुनीता जैन ने कहा कि आध्यात्मिक गुरु भारतवर्ष के निर्माण में देश के सबसे शिक्षित शांत एवं अनुशासित जैन समाज का योगदान प्राचीन काल से ही महत्वपूर्ण रहा है। जब पूरा देश वर्ण व्यवस्था की बुराइयों एवं कर्मकांडों के अंधकार में डूबा हुआ था और मानवीय मूल्यों का पतन हो रहा था तब हमारे परम पूज्य 24 तीर्थंकरों ने अपने ज्ञान के प्रकाश अहिंसा, सत्य, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह से अंधकार में संसार में सूर्य का उजाला फैलाया।

**जय कुमार जैन** ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज जैन समाज के बड़े-बड़े तीर्थ में कई लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर परेशान किया जा रहा है। जिस पर उचित कार्रवाई होनी चाहिए। जैन समाज एक शांत समाज है।

# कौरिनभाठा जीवन कॉलोनी के पीछे अवैध प्लाटिंग पर निगम की कार्यवाही : आरसीसी नाली तोड़ा गया

राजनांदगांव (दावा)। शासन निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा निगम सीमांतर्गत अवैध कालोनी एवं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध सख्त रवैया अपना कर कड़ी कार्यवाही की जा रही है और अवैध प्लाटिंग की जॉच कर उसे ध्वस्त करने तथा अवैध कालोनी भूमि विक्रय पर बाहय विकास शुल्क जमा करने नोटिस जारी किया जा रहा है। अब तक कई क्षेत्र के अवैध प्लाटिंग ध्वस्त करने के साथ-साथ अवैध कॉलोनी में बाह्य विकास शुल्क जमा करने नोटिस दिया गया है। अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध कार्यवाही करने माननीय नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव द्वारा भी निर्देश दिये गये है। नगर निगम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है, पूर्व में कौरिनभाठा, चिखली ,बर्फानी आश्रम, रेवाडीह, लखोली, नवांगॉव क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग कर मुरूम एवं कांक्रीटिंग रोड का निर्माण करने पर उसे जेसीबी से उखाडकर मुरूम जप्त करने की कार्यवाही की गयी तथा प्रतिबंधित का बोर्ड लगाया गया था। कार्यवाही की कड़ी में आज कौरिनभाठा जीवन कॉलोनी के पीछे खसरा नं. 279/1 को श्रीमती विजया पारख ध.प. ज्ञानचंद पारख द्वारा अवैध प्लाटिंग करने जानकारी होते ही नगर निगम द्वारा आरसीसी नाली जेसीबी से तोड़कर मुरूम जप्ती की कार्यवाही की गई। इसी कड़ी में निगम सीमाक्षेत्र में बगैर स्वीकृत अभिन्यास के आवासीय तथा गैर आवासीय भू:खण्डों पर क्रय विक्रय प्रतिबंध करने उप पंजीयक को पत्र प्रेषित किया गया है।



**शहर के बगैर स्वीकृत अभिन्यास के आवासीय तथा गैर आवासीय भू:खण्डों के वार्डवार खसरे पर क्रय-विक्रय प्रतिबंधित करने उप पंजीयक को आयुक्त ने लिखा पत्र**

अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही के संबंध में निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया कि नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव द्वारा अवैध कॉलोनी निर्माण एवं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे, निर्देशानुसार नगर निगम की टीम निरीक्षण कर निगम सीमांतर्गत अवैध कालोनी एवं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध सख्त रवैया अपनाकर कड़ी कार्यवाही कर रही है और अवैध प्लाटिंग की जॉच कर उसे ध्वस्त करने तथा अवैध कालोनी भूमि विक्रय पर बाहय विकास शुल्क जमा करने नोटिस जारी किया जा रहा है, अवैध प्लाटिंग की जमीन का अधिग्रहण भी किया जायेगा तथा उनका पंजीयन निरस्त कराने पंजीयक को पत्र प्रेषित किया गया है।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि कौरिनभाठा में जीवन कॉलोनी के पीछे खसरा नं. 279/1 को श्रीमती विजया पारख ध.प. ज्ञानचंद पारख द्वारा बिना स्वीकृत अभिन्यास के टुकड़ों में विभाजित कर विक्रय किये जाने की तैयारी की जा रही थी, जिसकी जानकारी होते ही निगम की टीम आरसीसी नाली तोड़ने की कार्यवाही की। उन्होंने बताया कि, उक्त कॉलोनाईजर को पूर्व में छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292 ग(2) के तहत नोटिस जारी किया गया था, नोटिस उपरांत भी उनके द्वारा अवैध प्लाटिंग की तैयारी की जा रही थी, जिसे तोड़कर मुरूम जप्ती की कार्यवाही की गई।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि, निगम सीमा क्षेत्रांतर्गत बगैर स्वीकृत अभिन्यास के आवासीय तथा गैर आवासीय भू:खण्डों के वार्डवार खसरे जिनमें बजरंगपुर नवांगॉव वार्ड नं. 1, पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी ढाबा वार्ड नं. 4, चिखली वार्ड नं. 5, शासकीय मुद्रणालय चिखली वार्ड नं. 6, शंकरपुर रामनगर वार्ड नं. 7, गजानन्द माधव मुक्तिबोध शंकरपुर वार्ड नं. 9, गौरीनगर वार्ड नं. 13, बलराम दास वार्ड नं. 14 रायपुर नाका, रविदास वार्ड 20 व 21 पेण्ड्री, रेवाडीह वार्ड नं. 22, लखोली वार्ड नं. 33, कन्हारपुरी वार्ड नं. 34, कौरिनभाठा वार्ड नं. 44 व 45, बसंतपुर वार्ड नं. 46, मोहारा वार्ड नं. 47 एवं नंदई वार्ड नं. 48 स्थित अवैध खसरे में पटवारी प्रदत्त नक्शा (चौहद्दी) खरीदी बिक्री व नामान्तरण पर रोक लगाने पंजीयक को पत्र प्रेषित किया गया है, जिससे निगम सीमा क्षेत्रांतर्गत हो रहे अवैध प्लाटिंग पर अंकुश लगाया जा सकें।

# देवांगन समाज के परमेश्वरी महोत्सव में उमड़ेंगे सामाजिक बंधु




राजनांदगांव (दावा)। नगर देवांगन समाज द्वारा 18 फरवरी को स्थानीय पदमश्री आडिटोरियम में समाज की अधिष्ठात्री देवी मां परमेश्वरी महोत्सव मनाए जाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस दौरान शहर सहित जिले भर के देवांगन समाज के लोगों की उपस्थित रहेगी।

**मां परमेश्वरी की पूजा-अर्चना के साथ युवक-युवती सम्मेलन आयोजित**

उक्त सम्बन्ध में एक प्रेसवार्ता लेते हुए नगर देवांगन समाज के अध्यक्ष दयावान देवांगन, संरक्षक इंजी. जी.आर. देवांगन, जिला देवांगन समाज के अध्यक्ष जेठुराम देवांगन, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष मीना देवांगन, सचिव माहेश्वरी देवांगन आदि ने बताया कि 18 फरवरी रविवार को आडिटोरियम में आयोजित मां परमेश्वरी महोत्सव कार्यक्रम में समाज के शादी योग्य युवक-युवतियों की परिचय सम्मेलन, रंगोली व चित्रकला प्रदर्शनी तथा बच्चों का रिकार्डिंग डास व कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

शहर देवांगन समाज के अध्यक्ष दयावान देवांगन ने बताया कि देवांगन समाज का मां परमेश्वरी महोत्सव मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य समाज को एक सूत्र में जोड़कर रखना व समाज के लोगों को रचनात्मक दिशा की ओर प्रेरित कर उन्हें समाज की मुख्य धारा में प्रवाहमान बनाए रखना है। इसी तरह इंजीनियर श्री देवांगन ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम के माध्यम से समाज के लोगों को संगठित करना है। बताया गया कि मां परमेश्वरी महोत्सव में आगत अतिथियों के हाथों समाज के टापर विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। इसी तरह युवक युवती सम्मेलन में चयनित जोड़े की शादी भी कराई जाएगी। वैसे भी कार्यक्रम में दो जोड़े का आदर्श विवाह सम्पन्न कराया जाना है। जिसका आशीर्वाद समारोह व प्रीतिभोज कार्यक्रम 18 फरवरी रविवार को दोपहर एक बजे रखा गया है। प्रेसवार्ता में बताया गया कि दो सत्रों में सम्पन्न होने वाले इस महोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्व सांसदद्वय मधुसूदन यादव, अभिषेक सिंह, खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन, महापौर श्रीमती हेमा देशमुख व अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहेंगे।

# केन्द्रीय मंत्री रुपाला जी करेंगे देश के पहले पूर्णतः स्वचालित एबीस फिश फीड प्लांट का उद्धघाटन





राजनांदगांव (दावा)। आईबी ग्रुप की महत्वाकांक्षी परियोजना के अन्तर्गत शुरू होने वाले एबीस फिश फीड सुखरी प्लांट के उद्धघाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के केन्द्रीय पशुपालन मंत्री परषोत्तम रुपाला उपस्थित होंगे।

इस समारोह के माध्यम से केंद्रीय पशुपालन मंत्री रुपाला लगभग 300 एक्वा किसानों से सीधे संवाद करेंगे और फार्मिंग में आने वाली चुनौतियों के समाधान के लिए उन्हें मार्गदर्शन देंगे। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री जी के साथ कई अन्य गणमान्य अतिथि भी सम्मिलित होंगे।

राजनांदगांव छत्तीसगढ़ में स्थापित देश के इंटीग्रेटेड प्रोटीन लीडर आईबी ग्रुप विगत 40 वर्षों से भारत में प्रोटीन पोषण पंहुचा रहा है। विश्वस्तरीय तकनीक से सामंजस्य बैठाते हुए आईबी ने अत्याधुनिक मशीनों से सुसज्जित प्लांट्स और रिसर्च लैब विकसित किये है, जिससे हाई क्वालिटी लाइवस्टॉक फीड्स का उत्पादन हो रहा है और समृद्धि की ओर कदम बढ़ाते हुए भारतीय पशुधन उद्योग आत्मनिर्भर बन रहा हैं। भारत के हर एक व्यक्ति तक प्रोटीन पोषण पहुंचाने की अपनी यात्रा में आईबी, देश के विभिन्न राज्यों में लगभग 07 फीड प्लांट की स्थापना कर चुका है। आईबी अपनी विस्तार योजना के तहत पूरे देश में और भी प्लांट स्थापित करने वाला है।

इसी दिशा में कार्य करते हुए आईबी ग्रुप शुक्रवार 16 फरवरी को देश का पहला हाइब्रिड, पूर्णतः स्वचालित एवं ऑइल कोटेड फिश फीड प्लांट का शुभारंभ करने जा रहा है। 'गांव में रहकर गांव का विकास' की अपनी सोच के साथ आईबी ग्रुप ने राजनांदगांव के ग्राम सुखरी में हाइब्रिड माइक्रो पैलेट फिश फीड प्लांट की स्थापना की है जिसकी उत्पादन क्षमता प्रतिदिन 600 मैट्रिक टन है। इस प्लांट के द्वारा देश में हाई क्वालिटी मत्स्य आहार की मांग को पूरा किया जाएगा।

साथ ही प्लांट के माध्यम से आसपास के क्षेत्र में लगभग 500 से अधिक लोगों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार और लगभग 2500 से अधिक लोग अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

# पशु तस्करी का सातवां आरोपी अजय अंबादे उर्फ मनीष अंबादे डोंगरगढ़ से गिरफ्तार



डोंगरगढ़ (दावा)। गत 9 फरवरी के रात्रि 2:30 बजे संदिग्ध वाहन का पीछा करते हुए हाईवे पेट्रोलिंग के चालक की सूचना पर संदिग्ध वाहन को एमसीपी लगाकर रोकने की कोशिश करते हुए थाना बागनदी के पुलिस आरक्षक शिवचरण मंडावी को संदिग्ध वाहन का चालक अपने पिकअप वाहन को तेज रफ्तार से चलाते हुए जानबूझकर कुचलकर जान से मारने की नीयत से आरक्षक शिवचरण मंडावी के उपर वाहन चढ़ाकर घसीटते हुए देवरी महाराष्ट्र की ओर फरार हो गया। आरक्षक शिवचरण मंडावी को गंभीर चोट आने पर ईलाज के लिए देवरी अस्पताल लेकर गये जहां ईलाज के दौरान आरक्षक का मौत हो गया। जिस पर थाना बागनदी में धारा 307, 302, 34,120 ब, छ.ग. पशु परि. अधि. धारा 4,6,10 का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। मामले में आरोपी घटना दिनांक से फरार था जो अपनी निगरानी में ही डोंगरगढ़ क्षेत्र के आसपास गांव के कोचियों से पशु तस्करों को पशु उपलब्ध कराने का काम करता था आरोपी द्वारा पशुओं से भरे पिकअप को घटना दिनांक डोंगरगढ़ से चिचोला तक पार कराना बताया। पशु तस्करी के आरोपी को पकड़ने के लिए लगातार टीम छापामार रही थी जो मुखबिर सूचना पर आरोपी को डोंगरगढ़ से पकड़े। आरोपी अजय उर्फ मनीष अंबादे पिता स्व. सुखदास अंबादे उम्र 27 वर्ष निवासी कालकापारा, वार्ड नं 9, थाना डोंगरगढ़ को आज गिरफ्तार कर न्यायालय के पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में साइबर सेल राजनांदगांव, थाना डोंगरगढ़ एवं थाना बागनदी स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# कन्हारपुरी वार्ड में गांव चलो अभियान प्रारंभ



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के केन्द्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर गांव चलो अभियान के तहत कान्हारपुरी वार्ड नं 34 के बूथ नं 147 मे प्रवास किया। प्रवास के दौरान बूथ समिति का सत्यापन एवं प्रदेश संगठन द्वारा निर्देशित 18 बिंदुओं पर कार्य प्रारंभ किया। इस अवसर पर लाभार्थियों, नव मतदाता, विचार परिवार, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से भेंट की इस कार्यक्रम के अवसर पर विशेष रूप से कन्हारपुरी भाजपा के बूथ अध्यक्ष दिनेश साहू एवं किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष दीपक निर्मलकर, नरेश साहू, गिरधारी साहू, विजय साहू, खेलु श्रीवास, परमेन्द्र साहू, भोला ठाकुर, शेष साहू एवं बहुत से वार्डवासी उपस्थित थे।

# कलेक्टर एवं एसपी ने बाईक रैली में शामिल होकर जनसामान्य को हेलमेट पहनकर वाहन चलाने का दिया संदेश

**○ सड़क दुर्घटना से बचाव एवं जीवन की सुरक्षा के लिए वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने का किया गया आव्हान**

**○ सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति नागरिकों में लायी जा रही जागरूकता**




राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 अंतर्गत आज कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने बाईक रैली में शामिल होकर जनसामान्य को हेलमेट पहनकर वाहन चलाने का संदेश दिया।

बाईक रैली कलेक्टोरेट से प्रारंभ होकर नया बस स्टैण्ड, गुरूद्वारा चौक, मानव मंदिर चौक, गांधी चौक, दुर्गा चौक, बसंतपुर थाना तिराहा, भारत माता चौक, तिरंगा चौक, सुरजन गली, कामठी लाईन, भारत माता चौक, आजाद चौक, चांदनी चौक, जयस्तंभ चौक होते हुए गुरूद्वारा चौक पर समाप्त हुई। बाईक रैली में उत्साह के साथ सभी शामिल हुए। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हेलमेट पहनकर बाईक रैली में हिस्सा लिया।

कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस बाईक रैली में हेलमेट नहीं लगाओगे तो सुरक्षित घर कैसे जाओगे के संदेश के साथ नागरिकों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने नागरिकों से आव्हान किया है कि वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें।

सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए यह जरूरी है। अपनी सुरक्षा के साथ दूसरों की सुरक्षा के लिए भी हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करें। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में यातायात नियमों का पालन करें तथा सावधानी एवं सजगता के साथ वाहन चलायें। जीवन की सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनने को अपनी आदत में शामिल करें। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने सभी नागरिकों से हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति नागरिकों में जागरूकता लाने के लिए आज बाईक रैली निकाली गई है। जिले के सभी विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस रैली में भाग लिया है। जिससे एक अच्छा संदेश नागरिकों को दिया गया कि कि हेलमेट लगाने से जान बचाई जा सकती है।

# जल जीवन मिशन के कार्यो को अधूरा एवं प्रारंभ नहीं करने पर दो ठेकेदारों का अनुबंध निरस्त

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्य अधूरा एवं प्रारंभ नहीं करने पर राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम जंगलेशर के ठेकेदार मे. दीपक शर्मा तथा छुरिया विकासखंड के ग्राम मातेखेड़ा, खोबा, मुंजालपाथरी, ठाकुरबांधा, चोरहाबंजारी तथा खुज्जी के ठेकेदार मे. अमिया इंटरप्राइजेस को सूचना देकर संबंधित अनुबंध को निरस्त कर दिया गया है। कार्यपालन अभियंता समीर शर्मा ने बताया कि ठेकेदार द्वारा निविदा में प्रस्तुत अमानत राशि को राजसात करने की कार्रवाई की जा रही है। ठेकेदार मे. दीपक शर्मा तथा ठेकेदार मे. अमिया इंटरप्राइजेस को अधूरा कार्य छोडने और कार्य प्रारंभ नहीं पर पूर्व में कई बार नोटिस जारी किया गया है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यों को गंभीरता से करने एवं गुणवत्ता पर विशेष रूप से ध्यान देने के लिए जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित की गई थी।

# प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में कार्यरत अतिरिक्त कर्मचारियों की होगी छुट्टी

**राजनांदगांव (दावा)। सत्ता परिवर्तन के बाद राज्य सरकार एक्शन मोड में है छत्तीसगढ़ सरकार की सबसे बड़ी व्यावसायिक संस्था प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में व्यावसायिक वर्गीकरण के आधार पर निर्धारित मापदंड से अधिक कर्मचारी होने पर उनकी छुट्टी करने के आदेश पंजीयन सहकारी संस्थाएं रायपुर द्वारा जारी कर दिया गया है।**

प्राथमिक कृषि साख सहकारी सेवायुक्कतो के लिए सेवा नियम 2018 के प्रावधानों के विपरीत जिन समितियों में भर्ती किया गया है, जो कि समिति के स्थापना व्यय पर अतरिक्त भार है, सहकारिता विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समितियां के वार्षिक अंकेक्षण कर वित्तीय पत्रक के आधार पर एक वित्तीय वर्ष में 6 करोड रुपए से अधिक का व्यवसाय करने वाली समिति को अ वर्ग, 3 से 6 करोड़ वाली समिति को ब वर्ग, 1 से 3 करोड़ का व्यवसाय करने वाली समिति को स वर्ग एक करोड़ से काम का व्यवसाय करने वाली समिति को द वर्ग में रखा गया है, अ वर्ग की समिति में 1 समिति प्रबंधक, 2 लेखापाल/सहायक समिति प्रबंधक, 3 लिपिक सह कंप्यूटर ऑपरेटर, 2 भृत्य/चौकीदार, ब वर्ग की समिति में 1 समिति प्रबंधक, 1 लेखापाल /सहायक समिति प्रबंधक, 2 लिपिक सह कंप्यूटर ऑपरेटर, 2 भृत्य/चौकीदार, स वर्ग की समिति में 1 समिति प्रबंधक, 1 लेखापाल /सहायक समिति प्रबंधक, 2 लिपिक सह कंप्यूटर ऑपरेटर, 1 भृत्य/चौकीदार, वहीं द वर्ग की समिति में 1 समिति प्रबंधक, 1 लिपिक सह कंप्यूटर ऑपरेटर, 1 भृत्य/चौकीदार, निर्धारित मापदंड के आधार पर समिति अथवा संचालक मंडल द्वारा नियोजित दैनिक वेतन/अतिरिक्त कर्मचारियों के होने औचित्य का परीक्षण सेवा नियम 2018 के वित्तीय साक्षमता के आधार पर आंकलन कर अतिरिक्त कर्मचारियों को पृथक किए जाने हेतु समितियों को आदेश जारी किया गया है।

ज्ञात हो कि राज्य में पूर्ववर्ती सरकार द्वारा प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों का पृथक-पृथक कर नवीन समिति बनाया किंतु कर्मचारियों की भर्ती नहीं की गई जिसके चलते राज्य शासन की महत्वपूर्ण कार्य धान खरीदी पर कर्मचारियों के अभाव में अव्यवस्थित हो गया था, धान खरीदी कार्य को प्रगति प्रदान करने हेतु समिति प्रबंधक समिति संचालक मंडल द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था हेतु दैनिक वेतनभोगी के पद पर अतिरिक्त कर्मचारियों की सहकारिता सेवा नियम 2018 के नियमों के विपरीत चहेतो को भर्ती किया गया, जिसके चलते समिति के स्थापना व्यय पर अतिरिक्त भार हुआ हैं। सहकारिता विभाग छत्तीसगढ़ शासन पंजीयन द्वारा जारी आदेशानुसार समिति का स्थापना कार्यशील पूंजी का 2 प्रतिशत एवं सकल आय के 30 प्रतिशत के सीमा के अंदर रहना चाहिए। किंतु समितियों के वित्तीय वर्ष के अंकेक्षण के पश्चात जिले के उप पंजीयन को ज्ञात हुआ कि समितियों द्वारा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों पर अधिक नियोजित है, जिस की समितियों की स्थापना अधिक परिलक्षित है।

उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं राजनांदगांव शिल्पा अग्रवाल से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के साख सहकारी समितियों के वित्तीय पत्रक अवलोकन पश्चात समितियों में नियोजित अतिरिक्त कर्मचारी से समितियों की स्थापना सकल आय के 130% तक अधिक है, जो की सेवा निगम के प्रावधानों के विपरीत है। मेरे समिति वर दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के कार्यरत होने के औचित्य का सेवा नियम 2018 के वित्तीय साक्षमता के आधार पर आंकलन कर अतिरिक्त कर्मचारियों को पृथक करने हेतु समितियों को आदेश जारी करते हुए अवगत कराने के यह आदेशित किया गया है, अतिरिक्त कर्मचारी समिति में होने पर संपूर्ण जवाबदारी समिति प्रबंधक की होगी।





















स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुदक्र दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com